Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर , वर्ष 18,अंक -273 शनिवार ,06 अगस्त 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

आकार,इंगित,गति,
चेष्टा वाणी एवं नेत्र और मुख के
बदलते हुए भावों से मन के विचारों का
पता चल जाता है।
-मनुस्मृति-

## संक्षिप्त समाचार

### बेटी पर नहीं आया तरस... मां ने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से लड़की को फेंका नीचे



**बेंगलुरु, 05 अगस्त 2022।** बेंगलुरु में एक हैरान करने वाली घटना में एक मां ने कथित रूप से अपनी बेटी को अपार्टमेंट के चौथे तल से नीचे फेंक दिया जिससे बच्ची की मौत हो गई। गुरुवार दोपहर को यहां संपंगीरामनगर में इस महिला ने अपनी बेटी को फेंकने के बाद खुदकुशी करने की कोशिश भी की लेकिन पड़ोसियों ने उसे बचा लिया। अपार्टमेंट के सीसीटीवी कैमरे में यह घटना रिकार्ड हो गई।

पुलिस उपायुक्त (मध्य संभाग, बेंगलुरु) आर श्रीनिवास गौड़ा ने कहा, %सूचना मिलने पर हम अस्पताल गये और जांच के दौरान हमें बताया गया कि बच्ची बालकनी से गिर गई। विस्तृत जांच करने पर हमें पता चला कि मां ने जानबूझकर अपनी बेटी को फेंक दिया जिसने कल देर रात दम तोड़ दिया। मां पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की प्रक्रिया जारी है।%

उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया यह सामने आया है कि मां ने बच्ची के मानसिक रूप से अक्षम होने के कारण यह कदम उठाया। पुलिस का कहना है कि मां दंत चिकित्सक है लेकिन वह प्रैक्टिस नहीं कर रही थी और पिता सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। उसने कहा कि पिता की शिकायत पर इस मामले की जांच की जा रही है।

### रेलवे में 1.40 लाख लोगों की भर्ती के लिए प्रक्रिया चल रही: रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव



**नई दिल्ली, 05 अगस्त 2022।** सरकार ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि रेलवे ने 2014 से 2022 के दौरान कुल मिलाकर करीब 3.50 लाख लोगों को रोजगार दिया है तथा अभी 1.40 लाख लोगों की भर्ती के लिए प्रक्रिया चल रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2014 से 2022 के बीच रेलवे ने 3,50,204 लोगों को रोजगार दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 लाख लोगों को रोजगार देने की जो प्रतिबद्धता जतायी है, उसमें भी रेलवे की अहम भूमिका होगी और वह 1.40 लाख लोगों को नौकरियां देगा। उन्होंने कहा कि रेलवे इस साल 18 हजार नौकरियों की पेशकश कर चुका है।

# नए उपराष्ट्रपति के रूप में चुने जाएंगे जगदीप धनखड़

## अकेले भाजपा के पास हैं जरूरी बहुमत से ज्यादा वोट

**नई दिल्ली, 05 अगस्त 2022।** नए उप राष्ट्रपति के रूप में शनिवार को जगदीप धनखड़ का चयन होना तय है। लेकिन रोचकता इस बात की रहेगी कि क्या राष्ट्रपति चुनाव की तर्ज पर ही इस बार भी राजग उम्मीदवार धनखड़ को क्रास वोटिंग से विपक्षी दलों के भी कुछ वोट मिलेंगे। राष्ट्रपति चुनाव में राजग उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मु को 17 विपक्षी सांसदों और सवा सौ से ज्यादा विधायकों के वोट क्रास वोटिग से मिले थे।

शनिवार की सुबह संसद भवन के एक हाल में नए उप राष्ट्रपति के लिए मतदान होगा। पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल जगदीप धनखड़ और पूर्व केंद्रीय मंत्री मार्गरेट अल्वा के बीच होने



इस चुनाव में संशय की कोई स्थिति नहीं है क्योंकि दोनों सदनों में मौजूदा आंकड़ों के अनुसार बहुमत के लिए 388 वोट की जरूरत होती है और अकेले भाजपा के पास ही दोनों सदनों के सदस्यों को मिलाकर संख्या 390 के ऊपर है। राजग में भाजपा को सहयोगी दलों के साथ-साथ तेदेपा, बीजद, बसपा, अन्नाद्रमुक व शिवसेना जैसे दलों ने भी समर्थन देने की घोषणा की है। इन सबके समर्थन से राजग उम्मीदवार धनखड़ को 515 वोट से भी अधिक मिलने की उम्मीद है।

दूसरी तरफ तृणमूल कांग्रेस के मतदान से गैरहाजिर रहने के फैसले के बाद 80 वर्षीय मार्गरेट की हार का अंतर और बढ़ जाएगा। माना जा रहा है कि अल्वा को 200 से अधिक वोट मिल सकते हैं। यह देखना भी रोचक होगा कि इस चुनाव में किस हद तक क्रास वोटिंग होती है।

### शनिवार शाम तक आ जाएंगे परिणाम

दरअसल, राष्ट्रपति चुनाव की तरह ही उप राष्ट्रपति चुनाव भी गुप्त मतदान से होता है और व्हिप का नियम लागू नहीं होता। इसमें केवल लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य ही वोट करते हैं और सभी मतों का मूल्य भी एक ही होता है। यानी साधारण बहुमत से ही फैसला हो जाता है। शनिवार को सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होने के बाद शाम सात बजे तक परिणामों की घोषणा हो जाएगी। रिटर्निंग अफसर नए उप राष्ट्रपति के नाम की घोषणा करेगा। वर्तमान उप राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू का कार्यकाल 10 अगस्त को खत्म हो रहा है।

# हीन भावना को जड़ से उखाड़ना ही सच्ची आजादी है:अमित शाह

**नई दिल्ली, 05 अगस्त 2022।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारत अपनी आजादी के 75वें साल में एक लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है और भारत को अब महान राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक पायेगा। उन्होंने कहा कि विदेशी शक्तियां भारत पर राज करने में इसलिए सफल हुई कि वह हमारे अंदर हीन भावना पैदा करने में सफल रही। आजादी का सही मायने यही होगा कि हम इस हीन भावना को जड़ से उखाड़ फेंके।



### आजादी का जश्न मनाने के लिए मेगा धारावाहिक का शुभारंभ

गृह मंत्री शाह आजादी की 75वीं वर्षगांठ को मनाने के लिए दूरदर्शन द्वारा बनाए गए एक मेगा धारावाहिक %स्वराज - भारत के स्वतंत्रता संग्राम की समग्र गाथा का शुभारंभ करने के बाद संबोधित कर रहे थे। इस 75 एपिसोड के मेगा शो में भारतीय इतिहास से जुड़ी भूली जा चुकी कहानियों को दिखाया जाएगा। इसका प्रसारण दूरदर्शन पर 14 अगस्त से हिंदी और स्थानीय भाषाओं में किया जाएगा।

### आजादी के बाद भारत की शासन-व्यवस्था मजबूत

शाह ने कहा कि आजादी के बाद से ही भारत की शासन-व्यवस्था काफी बेहतर रही है और इसने अनेकों उपलब्धियां हासिल की है। उन्होंने कहा कि केंद्र की सत्ता में जो भी आया है उसने देश को आगे बढ़ाया है। हम सभी का सम्मान करते हैं। उन्होंने पूछा कि हम शताब्दी साल में अपनी भाषाओं की रक्षा नहीं कर सकते तो क्या हम असल स्वराज्य के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

### स्थानीय भाषाओं पर जोर

शाह ने इस दौरान हैरानी जताते हुए कहा कि भारत स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ रहा है और भारत में स्वराज के सच्चे आदर्शों को स्थानीय भाषाओं, संस्कृति और इतिहास की रक्षा किए बिना नहीं पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वराज का असली मतलब यह है कि भारत को उसी तरह चलाना है जैसे भारतीय इसको चलाना चाहते हैं। इसमें हमारी स्थानीय भाषाएं, धर्म, संस्कृति के साथ-साथ हमारी कालएं भी शामिल हैं।

# सभापति नायडू बोले,सत्र के दौरान आपराधिक मामलों में गिरफ्तारी से नहीं बच सकते सांसद

**नई दिल्ली, 05 अगस्त 2022।** राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने शुक्रवार को सदन में स्पष्ट किया कि सांसदों को सत्र के दौरान या अन्यथा किसी आपराधिक मामले में गिरफ्तार होने से कोई छूट नहीं है। नायडू ने कहा कि संसद सदस्य किसी आम नागरिक से अलग नहीं हैं। इसका मतलब है कि संसद सदस्य को सत्र के दौरान या अन्यथा किसी आपराधिक मामले में गिरफ्तार होने से कोई छूट नहीं है। नायडू की टिप्पणी सदन के कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा सदन में इस मुद्दे को उठाए जाने के एक दिन बाद आई है कि उन्हें प्रवर्तन निदेशालय द्वारा सत्र के दौरान बुलाया गया था। पिछले कुछ दिनों में जो कुछ हुआ उस पर नायडू ने कहा, मैं एक बात स्पष्ट करना चाहता हूं कि सदस्यों के बीच एक गलत धारणा है कि उन्हें सत्र के दौरान एजेंसियों द्वारा कार्रवाई करने का विशेषाधिकार है।



**नायडू ने बताया किस मामले में मिलता है विशेषाधिकार**

नायडू ने कहा, मैंने इस पर गंभीरता से विचार किया है। मैंने सभी मिसालों की जांच की और मुझे अपने द्वारा दिया गया खुद का फैसला याद आया। संविधान के अनुच्छेद 105 के तहत संसद सदस्यों को कुछ विशेषाधिकार प्राप्त हैं।

# काले कपड़े और सब्जियों की माला पहने कांग्रेस सांसदों का प्रदर्शन,संसद भवन से राष्ट्रपति भवन तक किया पैदल मार्च

**नई दिल्ली, 05 अगस्त 2022।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पार्टी सांसदों के साथ संसद भवन के गेट नंबर एक से विजय चौक तक मार्च किया. इस मार्च के दौरान राहुल गांधी समेत कांग्रेस के कई सांसद काले कपड़े पहने नजर आए, तो वहीं मार्च में सबसे आगे चल रहीं महिला सांसदों ने सब्जियों की माला पहनकर महंगाई और जीएसटी के खिलाफ अपना विरोध दर्ज करवाया. कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी भी संसद भवन के गेट नंबर एक पर थोड़े समय के लिए इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुई.



सरकार के खिलाफ संसद भवन से विजय चौक तक पैदल मार्च कर अपना विरोध जताने की कोशिश कर रहे कांग्रेस नेताओं ने बताया कि वो राष्ट्रपति भवन तक मार्च कर इस सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराएंगे.

### बीजेपी ने कांग्रेस के प्रदर्शन पर किया कटाक्ष

कांग्रेस सांसदों के प्रदर्शन पर कटाक्ष करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि काले कारनामे वाले लोग काले कपड़े पहन कर घूमे तो कोई बहुत आश्चर्य नहीं होता है. उन्होंने आगे कहा कि वो (कांग्रेस) प्रत्यक्ष रूप से अपने अभियान को जारी रखना चाहते हैं और काले कपड़े पहनकर यही संदेश देना चाहते हैं।

### महंगाई और ED की कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन

बता दें कि महंगाई, खाद्य पदार्थों पर लगाए गए जीएसटी और ईडी के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को काले कपड़े पहनकर अपना विरोध जताया. सदन के अंदर भी सोनिया गांधी और राहुल गांधी समेत कांग्रेस के सांसदों ने काले कपड़े पहनकर या बांह पर काली पट्टी बांधकर अपना विरोध जताया.

# कांग्रेस मुख्यालय के बारह कांग्रेस का महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ प्रदर्शन

**» प्रियंका गांधी भी पहुंची , राहुल ने बोला भाजपा सरकार पर हमला**



**नई दिल्ली, 05 अगस्त 2022।** महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस देशव्यापी विरोध प्रदर्शन कर रही है। इस बीच एआईसीसी मुख्यालय में बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता जमा हो गए। कांग्रेस मुख्यालय के बारह कांग्रेस का महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ प्रदर्शन शुरू हो गया है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी भी कांग्रेस मुख्यालय भी पहुंच गई हैं।

राहुल गांधी ने प्रेसवार्ता कर भाजपा सरकार पर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि भारत में लोकतंत्र की मौत हो रही है। उन्होंने कहा कि हम महंगाई, बेरोजगारी, समाज में हिंसा की स्थिति का मुद्दा उठाना चाहते हैं। हमें संसद के बाहर और भीतर बोलने नहीं दिया जाता है। सरकार दो-तीन बड़े उद्योगपतियों के हित में काम कर रही है।

# पार्थ चटर्जी के गोलमाल जवाब जारी,अब अर्पिता मुखर्जी करने लगीं मदद,जब आमने-सामने आए दोनों घोटालेबाज

**कोलकाता , 05 अगस्त 2022।** पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच जारी है। करीब 12 दिनों के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी से आमने-सामने पूछताछ की। खबर है कि इस दौरान चटर्जी जवाबों को लेकर टालमटोल करते दिखे। इन दोनों को शुक्रवार को अदालत के सामने पेश किया जाएगा। इस बात की जानकारी ईडी ने दी है। एक मीडिया रिपोर्ट में ईडी अधिकारियों के हवाले से जानकारी दी गई है कि इस दौरान मुखर्जी तो सहयोग कर रही थीं, लेकिन चटर्जी गोलमाल जवाब दे रहे थे। जांच एजेंसी ने बताया कि इस दौरान दोनों से बीते महीने बरामद गिए गए दस्तावेजों को लेकर भी पूछताछ हुई।






अधिकारियों ने बताया कि मुखर्जी और चटर्जी से संपत्तियों को लेकर भी सवाल पूछे गए। इनमें शांतिनिकेतन की APA, तितली, लावण्या का नाम शामिल है। ईडी ने पूर्व मंत्री और उनकी करीबी से बैंक खातों और अलग-अलग कंपनियों में उनकी हिस्सेदारी को लेकर पूछताछ की। खास बात है कि पूछताछ में 'APA यूटिलिटी सर्विसेज नाम के दस्तावेजों पर जवाब मांगे गए। दस्तावेज बुधवार को जब्त किए गए थे और कहा जा रहा है कि दोनों की कंपनी में 50 फीसदी की हिस्सेदारी थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पूछताछ के दौरान मुखर्जी के दो फ्लैट्स से मिले 50 करोड़ रुपये को लेकर दोनों के बयान कई बार अलग रहे। मुखर्जी ने पहले ईडी को बताया था कि पैसा चटर्जी का है और वह और उसके साथ कैश रखने के लिए फ्लैट्स का इस्तेमाल करते थे। पूर्व मंत्री की राजदार ने कहा कि जिस कमरे में कैश रखा हुआ था, उन्हें वहां जाने की इजाजत नहीं थी।

विश्व हिंदू परिषद की दक्षिण चालः

# मंदिरों को मुक्त कराने की बड़ी मुहिम,विहिप के प्रचारकों से संघ प्रमुख भागवत ने किया मंथन

**भोपाल, 05 अगस्त 2022।** विश्व हिंदू परिषद अब उत्तर भारत के बाद दक्षिण की ओर कूच करेगा। इसी कड़ी में विहिप दक्षिण के मंदिरों को मुक्त कराने की बड़ी तेज मुहिम चलेगी। मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कराने की मुहिम चलेगी।



राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत एमपी के दौरे पर हैं। उन्होंने विहिप के प्रचारकों से मंथन किया। संघ प्रमुख मोहन भागवत के मंथन में उक्त बातों पर जोर दिया गया है। देश के 44 प्रांतों से आए प्रांतीय संगठन और क्षेत्रीय मंत्रियों के साथ मंथन किया गया। मोहन भागवत ने वन टू वन भी मंथन किया है।

बता दें कि दक्षिण भारत के राज्यों में देश के सबसे अधिक मंदिर हैं। दक्षिण भारत में जनआंदोलन खड़ा किया जाएगा। इसी कड़ी में अयोध्या चलो का नारा भी विहिप द्वारा दिया जाएगा। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद नारा दिया जाएगा। देशभर के हिंदुओं से अयोध्या आने का आह्वान किया जाएगा। मध्यप्रदेश में भी अयोध्या चलो का नारा गूंजेगा।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के कार्यक्रमों पर भी मंथन हुआ है। अगले 2 साल के रोड मैप पर मंथन हुआ। संघ प्रचारक और स्वयंसेवक निभाएंगे जिम्मेदारी। कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए माहौल बनाने की जिम्मेदारी भी दी गई है।

# विद्युत विभाग के रिटायर्ड सहायक यंत्री की संपति देखकर भौचक्क रह गए अधिकारी,एक दर्जन प्लाट और आधा दर्जन मकान के साथ करोड़ों की संपति उजागर

**बालाघाट, 05 अगस्त 2022।** शहर के भटेरा में एक निजी स्कूल के पीछे निवासरत विद्युत विभाग के रिटायर्ड सहायक यंत्री के यहां अलसुबह पड़े ईओडब्लू जबलपुर टीम के छापे में करोड़ों की संपति मिली है। टीम द्वारा की गई प्रारंभिक कार्यवाही में आलीशान 6 मकान, लगभग एक दर्जन प्लाट सहित वाहन, मिले है। ईओडब्ल्यू की जांच जारी है, जांच के बाद ही पूरी संपति का खुलासा हो पाएगा।



भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति मामले में हर माह कहीं न कहीं कार्रवाई हो रही है। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ के डीएसपी मनजीत सिंह ने बताया कि प्रजापति पत्नी के नाम से सतपुड़ा लीजिंग एन्ड फायनेंस नामक कम्पनी का संचालन किया जा रहा था। इसकी भी जांच की जा रही है। आखिरकार सरकारी सेवा में रहते हुए इस कम्पनी संचालन की जानकारी विभाग को दी गई थी या नहीं। इसमें पहले इनकी पत्नी डायरेक्टर थी अब ये खुद है। अभी जांच जारी है। जांच पूरी होने के बाद ही बाकी संपति का खुलासा हो पाएगा।

आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि दयाशंकर प्रजापति के खिलाफ शिकायत प्राप्त हुई थी। उनपर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया गया जिसकी जांच की गई। जांच में पाया गया कि इनके वैधानिक स्रोत है उसकी तुलना में लगभग 280 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित की गई है। आरोप प्रमाणित पाए जाने पर उनके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है साथ ही इनके और निवेशकों के बारे में पता लगाया जा रहा है। इसमें न्यायालय से भी सर्च वारंट लिया गया और कार्यवाही जारी है।

# विपक्षी दल हुए ममता बनर्जी के खिलाफ,पीएम मोदी से मुलाकात को बताया-1 मैच फिक्सिंग-1

कोलकाता 05.हृद. (ऋङ्घ) ... पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की दिल्ली यात्रा से विपक्षी दलों में हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस और वाम दल सीएम बनर्जी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात को लेकर %मैच फिक्सिंग% जैसे दावे कर रहे हैं। पार्टियां तृणमूल कांग्रेस पार्टी सुप्रीमो के इस दौरे को प्रवर्तन निदेशालय की हालिया कार्रवाई से जोड़ रही हैं। सीएम बनर्जी चार दिनों के लिए राजधानी पहुंची हैं। वह यहां नीति आयोग की बैठक में शामिल होंगी और अपनी पार्टी के सांसदों से भी मिलकर फ्लोर स्ट्रैटेजी तैयार करेंगी।

बंगाल कांग्रेस के प्रवक्ता रित्जू घोषाल ने कहा, %यह मैच फिक्सिंग 2016 बंगाल विधानसभा चुनाव से जारी है। ईडी ने कोयला घोटाला मामले में अभिषेक बनर्जी से केवल दो बार पूछताछ की है। जबकि, सोनिया गांधी और राहुल से बगैर किसी आधार के नेशनल हेराल्ड मामले में हर रोज परेशान किया जा रहा है।%

उन्होंने कहा, %कांग्रेस को कमजोर करने के लिए भाजपा टीएमसी जैसी क्षेत्रीय पार्टियों को मजबूत कर रही है। टीएमसी ने गोवा और त्रिपुरा में चुनाव केवल विपक्षी दलों को बांटने के लिए लड़े थे।%



इधर, सीपीआई (एम) के बंगाल सचिव मोहम्मद सलीम ने कहा, %यह मीटिंग मैच फिक्सिंग व्यवस्था का हिस्सा है, जो सालों से चल रही है। यह कहा जा रहा है कि बनर्जी, मोदी से राज्य की मांगों को लेकर चर्चा करना चाहती हैं। इस मामले में आमने-सामने की बैठक क्यों? नौकरशाहों को मौजूद रहना चाहिए। इससे पहले सचिव स्तरीय बैठक होनी चाहिए। यह सभी सैटिंग का हिस्सा है। जनता को बेवकूफ नहीं बनाया जा सकता।%

### भाजपा की तरफ से भी हो रही बयानबाजी

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा, %बनर्जी हमेशा प्रधानमंत्री के साथ बैठक का फायदा उठाती हैं। वह लोगों को बताती हैं कि उन्होंने सभी परेशानियों को ठीक कर दिया है। हम उम्मीद करते हैं केंद्र उनकी योजनाओं में मदद नहीं करेगा।% इधर, भाजपा के बंगाल प्रमुख सुकांत मजूमदार ने कहा कि बैठक बनर्जी के लिए किसी तरह से मददगार नहीं होगी।

गुरुवार को अपने भतीजे और टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी के साथ दिल्ली पहुंचीं बनर्जी शुक्रवार को पीएम मोदी से मिल सकती हैं। दरअसल, पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी के कुछ दिन बाद हो रही इस यात्रा के चलते विपक्षी दल बनर्जी पर सवाल उठा रहे हैं। ईडी ने चटर्जी को शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में गिरफ्तार किया था। खास बात है कि राजधानी कोलकाता रवाना होने पर भी उन्होंने कोई बयान जारी नहीं किया।

CMYK

# देश में निरंकुश शासन स्थापित करने की ओर अग्रसर है मोदी सरकार

-नगर संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 05 अगस्त 2022(घटती-घटना)।**
केन्द्र सरकार के अदूरदर्शितापूर्ण नीतियों के कारण देश में बढ़ रही महगांई और बेरोजगारी को लेकर शुक्रवार को पूरे देश में कांग्रेस सडक पर है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी ने भी सरगुजा जिला मुख्यालय अम्बिकापुर में गांधी चौक के पास एक दिवसीय धरना का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं एवं जनता को संबोधित करते हुए औषधीय पादप बोर्ड के अध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त केबिनेट मंत्री बाल कृष्ण पाठक ने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम सीमा पर है, लेकिन मोदी सरकार ईडी जैसी संस्थाओं का उपयोग कर देश में निरंकुश शासन स्थापित करने की ओर अग्रसर है। सरकार को आमजन की कठिनाईयों से कोई वास्ता नहीं है। सरकार निरंतर धार्मिक विवादों को जन्म देकर पूरे देश की जनता का ध्यान उसमें भटकाकर अपनी असफलताओं को छुपा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सदैव देश के गरीब जनता के कल्याण को अपना उद्देश्य मानकर देश में शासन



किया, लेकिन मौजूदा मोदी सरकार का उद्देश्य कुछ पूंजिपतियों की आमदनी बढाना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने कहा कि मोदी सरकार की नितियों के कारण अदानी एक दिन में 40 हजार करोड रुपय कमा रहा है जबकि आम जनता की आमदनी घटती जा रही है। पूंजिपतियों की आमदनी बढाने के लिये देश की जनता पर महंगाई लाद दिया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेश महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा कहा कि 2015 में मोदी सरकार ने अदानी के साथ अनुबंध कर उसे ये अधिकार दिया कि देश में आयात होने वाले दाल का भंडारण वो अपने गोदाम में करे। इससे हुई जमाखोरी के कारण न केवल 70-80 रुपये किलो बिकने वाला दाल 200 रूपेय किलो हो गया साथ ही साथ देश में दाल के छोटे व्यापारियों का धंधा भी चौपट हो गया।

कार्यक्रम को महिला कांग्रेस अध्यक्ष संध्या रवानी, मो0 इस्लाक, सत्येन्द्र तिवारी, मदन जायसवाल, निखिल विश्वकर्मा, मिथुन सिंह ने भी संबोधित किया। धरना कार्यक्रम में सैयद अख्तर हुसैन , अतुल शर्मा, प्रभात रंजन सिन्हा, , माधवेन्द्र प्रताप सिंह, अजय अरुण मिंज, विनोद एक्का, चुनमुन तिवारी, आनंदी तिग्गा, पूनम सोनी, विकल झा, राजनीश सिंह, विकास केशरी, विवेक सिंह, अशोक जायसवाल, पवन पाण्डेय, उपेन्द्र गुप्ता, संजय सिंह, दिलिप धर, रामू घोष, विजय अधिकारी, धर्मेंद्र ताम्रकर, चंद्र प्रकाश सिंह, अमित सिंह, दिनेश कुमार शर्मा, नरेन्द्र विश्वकर्मा, गुरुप्रीत सिद्धू, अनूप मेहता, मो नाजीर विरेन्द्र पाठक, अनिल सिंह, मनीष केशरी, नीरज सिंह, नरेन्द्र बाबरा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## छात्रों की समस्याएं दूर करना हमारा कर्तव्य:अभाविप

-नगर संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 05 अगस्त 2022(घटती-घटना)।**
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अम्बिकापुर के महाविद्यालय के कार्यकर्ताओं द्वारा सरगुजा संभाग के सबसे बड़े शासकीय राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नए प्रवेशी छात्र-छात्राओं के समस्याओं को दूर करने के लिए छात्र सहायता केंद्र (हेल्प डेस्क) लगाकर लगातार छात्र छात्राओं के समस्याओं को दूर कर रहे है द्य अभाविप के कार्यकर्ताओं का कहना है की छात्र हित में कार्य करना ही हमारा मूल उद्देश्य है, छात्रों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसकी चिंता हम निरंतर करते है, महाविद्यालय परिसर में आ रही समस्याओं को दूर करने का प्रयास हमेशा से अभाविप के कार्यकर्ता करते आ रहे हैं द्य इसी क्रम में अभाविप द्वारा हेल्पलाइन 9171054150, 9826307015, 7771922233, 9691812971, 7089332570 भी जारी किया गया है, छात्र सहायता केंद्र में प्रमुख रूप से राहुल कुमार ,यशराज सिंह , उज्जवल तिवारी,आर्यन गुप्ता, रोहन मंडल, विशाल मृद्धा ,राहुल मंडल, सचिन कुमार नायक, दीपक टोप्पो, अंकित पन्ना, हिमांशु तिर्की सहित बड़ी संख्या में अभाविप के कार्यकर्ता उपस्थित होकर छात्रों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास कर रहे हैं।



## अवैध कोयला लोड ट्रक पकड़ ट्रक को किया हाईवे थाना चंदौरा के हवाले





-सोनू कश्यप-
**प्रतापपुर 05 अगस्त 2022(घटती-घटना)।**
अवैध खनिज परिवहन को लेकर खनिज विभाग की ओर से की जा रही कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। इसी क्रम में गुरुवार को अंबिकापुर की तरफ से आ रही गाडी को खनिज अधिकारी गोपाल दास टंडन ने भैसा मुड़ा बेरियार के आगे रोकवा कर
कागज नहीं दिखा पाने पर ट्रक को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। खनिज अधिकारी गोपाल दास टंडन ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ट्रक नंबर सीजी 04 एमबी 7682 , को रुकवाकर पूछताछ की तो उसमें लोड कोयला अवैध मिला। ड्राइवर के पास इस कोयले का पिटपास व अन्य कोई दस्तावेज नहीं था। इस पर खनिज अधिकारी ने कोयला सहित ट्रक को जब्त कर हाईवे थाना चंदोर में सुपुर्द कर दिया है। ट्रक में 25 टन कोयला लोड था। यह ट्रक का कागजात नही मिलना बताया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त गाड़ी का नंबर फर्जी होना बताया जा रहा है सच्चाई क्या है वह तो जांच के बाद पता चलेगा

### लगातार बढ़ते ही जा रही है अवैध कोयला की चोरी

सूरजपुर जिले के पुलिस विभाग के तत्परता से लगातार कोयले चोरी के मामले में खुलासा हो रही है वहीं क्षेत्र में अवैध कोयले का कारोबार धड़ल्ले से चल ही रहा है कोयला के अवैध चोरी में कई सफेदपोसो का नाम चर्चाओं में है क्या प्रशासन उन तक पहुंच पाएगा यह देखने वाली विषय है

### बारीकी से जांच कर की जाएगी कार्रवाई

इस संबंध में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अमोलक सिंह ढिल्लों ने बताया कि मुझे आपके द्वारा जानकारी दी जा रही है अवैध कोयले की गाड़ी जो पकड़ाई गई है उस संबंध में कार्यवाही करने का निर्देश जारी कर रहा हूं जो भी कार्रवाई होगी आप लोगों को अवगत करा दिया जाएगा
अमोलक सिंह ढिल्लों



## सावन के अंतिम सोमवार को कैलाश गुफा में करेंगे जलाभिषेक

### उदयपुर में व्यापारी संघ व अन्य लोगों ने की जलपान की व्यवस्था

-नगर संवाददाता-
**उदयपुर 05 अगस्त 2022(घटती-घटना)।**
ऐतिहासिक स्थल रामगढ़ से शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में संत गहिरा गुरु के उपासक जल उठा कर कैलाश गुफा के लिए रवाना हुए हैं। शुक्रवार को सुबह 9ः00 बजे करीब नान तुर्रा रामगढ़ से जल भरकर ॐ नमः शिवाय और बोल बम के जयकारे लगाते हुए सभी लोग पैदल उदयपुर पहुंचे ।व्यापारी संघ एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जलपान की व्यवस्था की गई थी पुष्प वर्षा से कांवड़ यात्रियों का स्वागत किया गया तत्पश्चात कंवर यात्रा कैलाश गुफा के लिए सुबह 11ः00 बजे करीब आगे रवाना हुई है ।इस बारे में जानकारी देते हुए कांवड़ यात्रियों ने बताया कि संत गहिरा गुरु को आदर्श मानकर विगत 18 वर्षों से यह यात्रा रामगढ़ से कैलाश गुफा जलाभिषेक के लिए रवाना होती है इसमें जिले भर के कांवड़ यात्री शामिल होते हैं। इस वर्ष भी कोरोना काल के बाद काफी संख्या में लोग उक्त यात्रा में शामिल हुए हैं। उदयपुर में कांवरियों के स्वागत के दौरान उपसरपंच शेखर सिंह देव व्यापारी संघ के अध्यक्ष दिलीप गुप्ता दीपक अग्रवाल बाबूराम अग्रवाल, रामनिवास अग्रवाल, विजय अग्रवाल, रविंद्र सिंह अभिषेक सिंघल, मनोज अग्रवाल, अंकित, सतीश बंसल, आशू, सत्यम तथा अन्य लोग शामिल रहे।

## प्रदेश की कांग्रेस सरकार के छलावा एवं वादाखिलाफी से आक्रोशित है युवाः विश्व विजय



-नगर संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 05 अगस्त 2022(घटती-घटना)।**
भारतीय जनता युवा मोर्चा दरिमा मंडल द्वारा सकालो स्थित सप्ताहिक बाजार में बेरोजगारी टेंट लगाकर सरकार से भत्ता एवं रोजगार की मांग की गई।साथ ही नौजवान युवक और युवतियों से बेरोजगारी फॉर्म भरवाया गया जिसमें क्षेत्र के कई युवाओं व युवतियों ने अपने नाम और पता सहित फॉर्म भरा व सरकार के वादाखिलाफी पर आक्रोश व्यक्त किया। भाजयुमो जिला अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी और प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में कहा था कि प्रत्येक युवा बेरोजगारों को 2500 सौ बेरोजगारी भत्ता के रूप में दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा की सरकार द्वारा बड़े-बड़े फ्लेक्स और होर्डिंग छपा कर लोगों को गुमराह कर रहे हैं की छत्तीसगढ़ में पांच लाख रोजगार मिला है आप ऐसी कौन सी संस्था से सर्वे करवाए है जिसमें यह आंकड़े है उसे हम सभी को सार्वजनिक करें। भाजयुमों जिला मंत्री व प्रभारी विकास शुक्ल चंदन ने कहा कि यह सरकार बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने का वादा करके सत्ता में आ तो गई लेकिन सत्ता से बाहर जाते समय नहीं लगेगा युवाओं में कांग्रेस सरकार के प्रति नाराजगी साफ है दिखाई दे रही है। जिसका अंजाम 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार को भुगतना पड़ेगा। मंडल अध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि बेरोजगारी को लेकर भाजयुमों द्वारा जिले भर में आंदोलन किया जा रहा है बेरोजगार युवा छत्तीसगढ़ से रोजगार नहीं मिलने के कारण दूसरे राज्य में जाने के लिए मजबूर है। इस कार्यक्रम को महामंत्री दीपक पैंकरा द्वारा संचालित किया।जहां जिला कार्यालय मंत्री हर्ष जायसवाल,दीपक दास,प्रशांत गोलदार, निशांत गोलदार, विजय मिस्त्री, दीपांकर सिकदार, हिमांशु सिंह सेंगर, शंकर चौधरी, दिनेश गोलदार, रोहित सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सर्पदंश के बाद झाड़-फूंक से युवक की मौत



-नगर संवाददाता-
**लखनपुर, 05 अगस्त 2022(घटती-घटना)।**
अंधविश्वास का भूत लोगों के जहन से निकलने का नाम नहीं ले रहा है जिससे हर साल दर्जनों जिंदगी मौत के गाल में समा जाती है इसका जीता जागता उदाहरण देखने को मिला। गुरुवार की रात ग्राम पल्गाड़ी में जमीन पर सो रहे 28 वर्षीय दिव्यांग युवक को जहरीले सांप ने काट लिया परिजनों ने उसे इलाज , न कराकर झाड़-फूंक कराने लगे अधिक समय् बीत जाने तथा थक हार कर अस्पताल ले जाने के बाद उसकी मौत हो गई ।प्राप्त जानकारी के मुताबिक लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रेहमला निवासी 28 वर्षीय दिव्यांग युवक तिलक सिंह पिता स्वर्गीय मनोहर सिंह ग्राम पल्गाड़ी में अपने मामा के घर रहता था। 4 अगस्त दिन गुरुवार की रात घर की परछी में , अपने मामा के साथ जमीन पर सोया हुआ था ।इसी दौरान जहरीले सांप ने युवक के हाथ की ऊँगली मे काट लिया। दिव्यांग युवक ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। परिजनों के द्वारा गांव तांत्रिक को झाड़ फूंक के लिए बुलाया गया। तांत्रिक के द्वारा रात लगभग 3ः00 बजे से सुबह 6ः00 बजे तक झाड़-फूंक किया गया 6ः00 बजे सुबह युवक पेट में दर्द से कराने लगा , स्थानीय मितानिन की सलाह के बाद परिजनों के द्वारा एंबुलेंस 108 के माध्यम से सुबह लगभग 9ः30 बजे उसे उपचार के लिए , लखनपुर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर के द्वारा दिव्यांग युवक को मृत घोषित किया गया। परिजनों के द्वारा घटना की जानकारी लखनपुर पुलिस को दी गई हैं। गौरतलब है कि अगर झाड़-फूंक के बजाय समय से दिव्यांग युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया होता तो शायद युवक की जान बच सकती थी।

## विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ब्रेस्टफीडिंग की दी गई जानकारी

-नगर संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 05 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय अंबिकापुर में ब्रेस्टफीडिंग सप्ताह का समापन शुक्रवार को किया गया। समापन कार्यक्रम के दौरान ब्रेस्टफीडिंग के ऊपर पोस्टर, कंपटीशन नर्सिंग एवं एमबीबीएस स्टूडेंट द्वारा प्रस्तुत की गई। साथ ही गायनेकोलॉजिस्ट एवं पीडियाट्रिशियन द्वारा ब्रेस्टफीडिंग के महत्व एवं क्यों जरूरी इसकी जानकारी दी गई। पूरे सप्ताह अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से माताओं एवं



उनके परिजनों को काउंसलिंग व नुक्कड़ नाटक एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया गया। साथ ही नर्सिंग स्टूडेंट एवं एमबीबीएस स्टूडेंट क्विज कंपटीशन भी रखा गया। जिनके विजेताओं को मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ रमनेश मूर्ति एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. लखन सिंह द्वारा सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉक्टर मधुमिता मूर्ति एवं सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. एसपी कुजुर पीडियाट्रिक विभागाध्यक्ष डॉ सुमन सुधा एवं डॉक्टर रेलवानी, डॉ स्मिता परमार, डॉ स्वप्निल विल्सन एवं अंकित गुप्ता हॉस्पिटल कंसलटेंट, नर्सिंग अधीक्षक डाइटिशियन एवं अन्य डॉक्टर्स, नर्सिंग कॉलेज के प्रिंसिपल, टीचर्स, स्टूडेंट उपस्थित थे।

## महिला के घर घुसे पड़ोसी की महिला ने कर दी हत्या

-नगर संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 05 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
पति द्वारा छोड़े जाने के बाद एक महिला शहर में ही किराए के मकान में रहती है। पड़ोस में ही एक युवक अपने पूरे परिवार के साथ रहता था। शुक्रवार की दोपहर अचानक युवक महिला के घर घुस गया। भीतर दोनों के बीच कुछ ऐसा हुआ कि महिला ने फावड़ा से वार कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद महिला फरार हो गई। इधर आवाज सुनकर मृतक के परिजन व मोहल्लेवासी पहुंचे और मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए। यहां जांच पश्चात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस अपराध दर्ज कर महिला की खोजबीन में जुट गई है। सरगुजा जिले के लुंड्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी नंदगोपाल यादव 46 वर्ष अपने परिवार के साथ शहर के नवागढ़ महामायापारा में किराए के मकान में रहकर मजूदरी करता था। उसके पड़ोस में ही जशपुर जिले के बगीचा निवासी महिला सुनीता कोरवा रहती है।



सुनीता को उसके पति ने छोड़ दिया है तो वह भी किराए के मकान में रहकर मजदूरी करती है। शुक्रवार की दोपहर सुनीता घर में अकेली थी, इसी दौरान नंदगोपाल उसके घर में घुस आया। महिला ने उससे आने का कारण पूछा, फिर उसके सिर पर फावड़े से जोरदार प्रहार कर दिया। इससे वह मौके पर ही ढेर हो गया। यह देख महिला वहां से फरार हो गई। आवाज सुनकर नंदगोपाल की पत्नी समेत मोहल्लेवासी दौडक़र सुनीता के घर में घुसे। यहां देखा तो नंदगोपाल खून से लथपथ जमीन पर पड़ा हुआ है। आनन-फानन में उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। यहां जांच पश्चात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की हत्या की खबर मिलते ही कोतवाली पुलिस के साथ सीएसपी अखिलेश कुमार कौशिक भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके पर जांच की तथा लोगों के बयान दर्ज कराए।पुलिस ने महिला के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है। महिला ने किस कारण से नंदगोपाल की हत्या की, इसका खुलासा उसके गिरफ्तार होने के बाद ही होगा।

## प्रत्येक घरों में पीने का पानी पहुंचे इसकी निगरानी करना हम सब की जिम्मेदारी

-नगर संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 05 अगस्त 2022(घटती-घटना)।**
शहर से लगे ग्राम पंचायतों में घर घर पेयजल पहुंचाने जल जीवन मिशन के कार्यों का भूमि पूजन जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने किया। उन्होंने किसानों से मिलकर खेती की स्थिति की जानकारी ली और राजीव किसान न्याय योजना का लाभ लेने की बात कही। अम्बिकापुर विकासखण्ड के ग्राम केशवपुर, थोर, लब्जी, हर्राटिकरा और झुमर पारा में करीब 10 करोड़ से ज्यादा की लागत से पानी टंकी के माध्यम से प्रत्येक घर मे पीने का पानी पहुचाया जाएगा। जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह ने कहा कि प्रत्येक घरों में पीने का पानी पहुंचे इसकी निगरानी करना हम सब की जिम्मेदारी है। भविष्य की जरूरतों के



मुताबिक योजना तैयार किया गया है। जहां कमी है वहां अलग से काम किया जाएगा। उन्होंने प्रत्येक गांव में किसानों से खेती की स्थिति की जानकारी ली। किसानों ने बताया नहर किनारे के खेत भी सूखे पड़े हैं।जिपं उपाध्यक्ष ने ग्रामीणों से अपने खेत में धान जरूर लगाने और सहकारी समिति में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने कहा। इसके बिना राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने उक्त ग्रामों में स्वीकृत शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य शैलेन्द्र सोनी, जिला कांग्रेस प्रवक्ता आशीष वर्मा, सचिव विनय गुप्ता, पार्षद सतीश बारी, आशीष जायसवाल, बीडीसी श्वेता सिंह,नरेंद्र,प्रकाश मानिकपुरी, सरपंच,पंचगण ग्रामीणजनों के साथ उपस्थित थे।




## वेतन व नियमितीकरण को लेकर हुए लामबंद

-नगर संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 05 अगस्त 2022(घटती-घटना)।**
अम्बिकापुर में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कर्मचारी संघ समान कार्य समान वेतन और नियमितीकरण को लेकर लामबंद हो गए हैं। सहकारी समिति के संभागीय स्तरीय कर्मचारियों ने शुक्रवार को अंबिकापुर में रैली निकालकर अपनी दो सूत्रीय मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सरगुजा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। वही मांगे नहीं पूरी होने पर 23 अगस्त से उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है आपको बता दें कि बीते एक जुलाई से पांच जुलाई तक पांच दिवसीय संभागीय स्तर पर सहकारी समिति के कार्यालयों में ताला जड़कर कर्मचारी संघ हड़ताल पर थे। वही आज अपनी 2 सूत्री मांगों को लेकर सहकारी समिति के कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। गौरतलब है कि सहकारी समितियों के कर्मचारी संघ के हड़ताल में जाने की वजह से किसानों को खाद बीज और नगदी पैसों के भुगतान को लेकर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।




## 10 किलो गांजा के साथ प्रतिक्षा बस स्टैंड से दो तस्कर गिरफ्तार

-नगर संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 05 अगस्त 2022(घटती-घटना)।.**
शहर के प्रतिक्षा बस स्टैंड परिसर से 10 किलो गांजा के साथ दो तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी गांजा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। मुखबिर की सूचना मिलने पर प्रतिक्षा बस स्टैंड सहायता केन्द्र पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत 1 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। गौरतलब है कि सरगुजा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक भारद्वाज ड्क्षसह को मुखबिर से जानकारी मिली की प्रतिक्षा बस स्टैंड परिसर में दो युवक अलग-अलग बैग में गांजा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। कोतवाली टीआई ने प्रतिक्षा बस स्टैंड सहायता केन्द्र प्रभारी अभिषेक पांडेय के साथ टीम गठित कर प्रतिक्षा बस स्टैंड में घेराबंदी कर दोनों संदेहियों को हिरासत में लेकर उनकी तलाशी ली गई। दोनों के पास काले रंगे के बैग में 5-5 किलो गांजा पाया गया। जिसकी कीमत 1 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी दिलीप नामदेव एवं सुन्दर लाल कुर्रे निवासी ब्रह्मपारा अंबिकापुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई आरक्षक शाहबज अंसारी, अतुल सिंह, सीनू फिरदौसी, विमल कुमार शामिल रहे।



# अवैध रूप से साहुकारी प्रथा अनुसार ऋण बांटने का काम हो रहा है




» महंगे ब्याज दरों पर बांटा जा रहा है ऋण,जरूरतमंद फंस रहें हैं कर्ज की जाल में।
» बाहर से आकर कुछ लोग प्रतिदिन वसूली के आधार पर ऋण बांटने का कर रहे काम।
» किसी को नहीं मालूम की ऋण बांटने की अनुमति या साहुकारी का कोई दस्तावेज है इनके पास?

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 05 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले के पटना क्षेत्र में फिर से साहुकारी प्रथा अनुसार ऋण बांटने का काम जारी हुआ है। फर्जी चिट फंड कंपनियों के बाद अब महंगे ब्याज दर पर ऋण बांटने वाली कंपनी ने क्षेत्र में कदम पसारना जारी किया है यह कंपनी बिना किसी दस्तावेज लोगों को ऋण प्रदान कर रही है और ब्याज दर 5 से 8 प्रतिशत तक वसूल रही है वहीं जरूरतमंद इन ऋण बांटने वाली कंपनियों के जाल में फंसते चले जा रहें हैं और आसानी से ऋण मिलने के कारण लगातार ऋण ले रहे हैं। वैसे तो यह कंपनी छोटे छोटे ऋण फिलहाल बांट रही है लेकिन वह बड़े ऋण भी बांटने के प्रयास में हैं और जिसमे बंधक रखने का भी उनका प्रयास है जबकि छोटे ऋणों में वह किसी प्रकार का बंधक नहीं रख रहें हैं और अभी लोगों को ऋण लेने की आदत डाल रहें हैं और उन्हें यह समझा भी रहें हैं कि यदि उनका पहला छोटा ऋण समय पर पूरा चूक गया तब उन्हें बंधक रखकर बड़े ऋण भी मिला करेंगे। यह कंपनियां बाकायदा अपना वसूली पासबुक जारी कर रहीं हैं और इनके एजेंट बाकायदा प्रतिदिन वसूली पर भी आ रहें हैं क्योंकि इनकी वसूली प्रतिदिन की किस्तों के आधार पर होती है। अभी पटना क्षेत्र के छोटे छोटे व्यवसायी इनकी गिरफ्त में हैं और लगातार वह ऋण ले रहे हैं।

इनके एजेंट मुंह पर कपड़ा बांधकर अपनी पहचान छुपाकर ऋण बांटने और वसूलने का काम कर रहें हैं जो बाहरी प्रदेशों के लोग हैं और उनका पुलिस एंटीमेशन बहु दर्ज हुआ है कि नहीं कोई नहीं जान रहा है। ऋण बांटने वाले कंपनी के इन एजेंटों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और छोटे व्यवसायी इनकी गिरफ्त में फंसते चले जा रहें हैं। समय रहते इनके ऊपर लगाम लगाए जाने की जरूरत है और इन कंपनियों की हकीकत सामने लाने की जरूरत है वरना फिर चिटफंड कंपनियों की तरह कोई बड़ा घोटाला न हो जाये।

## वनमाली सृजन पीठ के राष्ट्रीय सम्मेलन मे कोरिया सम्मानित

### वनमाली सृजन पीठ का राष्ट्रीय सम्मेलन भोपाल हुआ था आयोजित

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 05 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।

रविंद्र नाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल के शारदा सभागार में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 1 अगस्त से आयोजित किया गया, देश के दिल्ली, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश भोपाल एवं खंडवा के वनमाली सृजन पीठ के लगभग 200 सृजन केंद्रों से साहित्य, संस्कृति एवं सृजनकर्ताओं ने अपनी भागीदारी प्रस्तुत की इस राष्ट्रीय सम्मेलन में छत्तीसगढ़ वनमाली सृजन पीठ कोरिया को श्रेष्ठ वैचारिक एवं साहित्यिक परिचर्चाओं के आयोजन एवं आंचलिक धरोहरों को रेखांकित करने की उपलब्धियों के लिए उत्कृष्ट सृजन केंद्र का सम्मान प्रदान किया गया।




मुख्य अतिथि वनमाली सृजन पीठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष चौबे (कुलपति रविंद्र नाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल) के साथ छत्तीसगढ़ वनमाली सृजन पीठ के अध्यक्ष डॉक्टर सतीश जयसवाल द्वारा कोरिया वनमाली सृजन केंद्र के संयोजक वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, अध्यक्ष योगेश गुप्ता बैकुंठपुर एवं गौरव अग्रवाल को उत्कृष्ट सृजन केंद्र की ट्रॉफी प्रदान की गई. मंचासीन विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ कहानीकार मुकेश वर्मा, साहित्यकार शरद जैन, दिल्ली से लीलाधर मंडलोई, बलराम गुमास्ता, विश्वरंग आयोजक शिशिर मुखर्जी, डॉ विनीता चौबे डॉ आदित्य चतुर्वेदी, वैशाली बिहार से डॉक्टर विमल शर्मा, झारखंड से डॉक्टर मनोहर बाथम ने कोरिया केंद्र की इस उपलब्धि के लिए तालियां बजाकर बधाई दी। वनमाली सृजन केंद्र कोरिया वर्ष 2019 से 60 से भी अधिक सृजनकर्ता और साहित्यिक, सांस्कृतिक रचनाधर्मियों का ऐसा समूह है जो शोध, अन्वेषण, अध्ययन तथा लेखन के प्रयासरत सृजनशील प्रतिभाओं को चिन्हित करने और अभिव्यक्ति के यथासंभव अवसर उपलब्ध कराने का कार्य करती है, करोना काल के विषम परिस्थितियों में भी विश्व पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी को बचाने हेतु राष्ट्रीय परिचर्चा हिंदी दिवस पर बैकुंठपुर के आईसेक्ट महाविद्यालय में कवि सम्मेलन का आयोजन तथा कई वैचारिक एवं पुस्तक चर्चा का आयोजन करती रही है. राम के वनवास काल में सीतामढ़ी हर चौका और इस मार्ग के गांव की समस्याओं को अपने वनमाली सांस्कृतिक सृजन यात्रा में शामिल किया. और इसकी ध्वनि छत्तीसगढ़ राज्य शासन तक पहुंचाने एवं समाधान तलाशने का प्रयास किया गया।

कोरिया वनमाली सृजन केंद्र के अध्यक्ष योगेश गुप्ता ने इस उपलब्धि पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह सम्मान कोरिया जिले के सृजन प्रतिभा एवं साहित्यकारों का सम्मान है जो हमें और अधिक गतिविधियों के लिए प्रेरणा प्रदान करेगा, संयोजक वीरेंद्र श्रीवास्तव ने इस सम्मान को साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और संवारने के कार्य को आगे बढ़ाने का संदेश बताया है। कोरिया अंचल के साहित्यकार प्रमोद बंसल, संबोधन उपाध्यक्ष हारुन मेमन, रुद्रनारायण मिश्रा, सरदार हरमहेंद्र सिंह, पुष्कर तिवारी, अनिल जैन, नागेंद्र जयसवाल एवं संतोष जैन सहित साहित्यकारों एवं कलमकारों ने वनमाली सृजन केंद्र के इस उपलब्धि के लिए अपनी बधाइयां प्रेषित की हैं।

## जिला कांग्रेस कार्यालय मे कांग्रेस पिछडा वर्ग विभाग की ब्लाक कार्यकारिणी का हुआ गठन

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 05 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।

जिला कांग्रेस कार्यालय मे कांग्रेस पिछडा वर्ग विभाग की ब्लाक कार्यकार्णी की गठन किया गया, जिसमे स्थानिय विधायक अंम्बिका सिंहदेव ने कार्यक्रम मे बुके भेज कर कांग्रेस की विचार धारा को आम जनों तक पहूंचाने के लिए निर्देशित किया गया, उन्होनें कहा की कांग्रेस सरकार गरीब किसान की सरकार है, सरकार की जितनी भी योजना है समस्त आम जन तक पहूंचे और योजना का लाभ सभी को मिले। सांथ ही समस्त कांग्रेस के जिला पदाधिकारी सहित कार्यकर्ताओं के बिच पदाधिकारियों की न्युक्ति की गई। इस कार्यक्रम मे ब्लाक कांग्रेस पदाधिकारियों की न्यूक्ति हुई जिसमे पदाधिकारियों को वरिष्ट कांग्रेसियों के समक्ष नियुक्ति प्रमाण पत्र दिया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष पिछडा वर्ग विभाग कोरिया अनिल जायसवाल ने किया। नियुक्त किए गए पदाधिकारियों मे हेमसागर यादव बैकुण्ठपुर ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष, चन्द्र प्रकाश मानिकपुरी चरचा नगर अध्यक्ष, शब्बीर अलि बैकुण्ठपुर शहर नगर अध्यक्ष, पटना नगर सोनु राज यादव, खडगवां ब्लाक ग्रामीण अध्यक्ष राधे श्याम दास को जवाबदारी दी गई। इस कार्यक्रम मे प्रदेश सचिव योगेश शुक्ला, जिला अध्यक्ष नजीर अजहर, रा.गां.पं.सं. जिला अध्यक्ष मुक्तार अहमद, पिछडा वर्ग जिला अध्यक्ष अनिल जायसवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्षा वेदांती तिवारी, सांसद प्रतिनिधि प्रदीप गुप्ता, संभागीय अध्यक्ष संगीता राजवाडे, ब्लाक अध्यक्ष अजय सिंह, रामधन देवांगन, आरीफ, रवि राजवाडे, बिहारी लाल राजवाडे, विकाश श्रीवास्तव, राजा चन्द्रा, अजित लकडा, नन्हू दुबे, सुजीत सोनी, अभिषेक दुबे, विनोद शर्मा समस्ता कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## अंजलि ने गुरुजनो के सहयोग व मार्ग दर्शन पा सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 93.67 प्रतिशत अंक अर्जित किया



-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 05 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।

सीबीएसई कक्षा 12 वीं के घोषित परीक्षा परिणाम में केन्द्रीय विद्यालय चिरमिरी में विज्ञान संकाय की छात्रा अंजली खोडियार ने 93.67 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने गुरुजनो सहित पिता हक्कू लाल व माता श्रीमती अमिता का नाम रौशन किया।

इस सम्बंध में छात्रा अंजलि खोडियार ने बताया कि केवी चिरमिरी के गुरुजनो के विशेष सहयोग एवं मार्ग दर्शन में माता अमिता जी व पिता हक्कू लाल के प्रोत्साहन का ही परिणाम है। छात्रा के एसईसीएल कर्मी पिता ने चरचा के दौरान बताया कि बच्ची का सपना आर्किटेक्ट इंजीनियर बनने का है उसके सपने को साकार करने के लिये हम पति पत्नी हर सम्भव प्रयास में लग गये हैं उसके आगे की उच्यशिक्षा के लिए गुरुजनों के आशीर्वाद तथा उसके अथक प्रयास व मेहनत की आवश्यकता है। केन्द्रीय विद्यालय चिरमिरी के प्रभारी प्राचार्य श्री संतोष कुमार व गुरुजनों ने छात्रा अंजली को आशीर्वाद प्रदान कर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की जिससे वह अपने सपनो को साकार कर माता पिता का नाम रौशन करे।

## मुख्यमंत्री से विधायक कमरो का आग्रह

### प्रतियोगी परीक्षाओं की आयु सीमा में युवाओं को मिले 2 साल की छूट

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 05 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।

सविप्रा उपाध्यक्ष एवं विधायक गुलाब कमरो ने बेरोजगार युवाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए सराहनीय पहल की है। विधायक ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को ज्ञापन सौंपकर कोरोना काल में वंचित प्रदेश के युवाओं को प्रतियोगी/भर्ती परीक्षाओं की आयु सीमा में 2 वर्ष की छूट प्रदान किए जाने का आग्रह किया है। विधायक ने अपने ज्ञापन में कहा कि विगत 2 वर्षों से पूरा विश्व कोरोना महामारी से ग्रसित था जिसने जीवन के सभी क्षेत्रों को अवरूद्ध कर दिया था। कोरोना की वजह से राज्य के युवा विभिन्न प्रतियोगी/भर्ती परीक्षाओं में बैठने से वंचित हो गए थे। युवाओं के हितों का ख्याल रखते हुए विधायक कमरो ने प्रदेश के युवाओं को इस क्षतिपूर्ति की भरपाई हेतु शासन द्वारा सभी प्रतियोगी/भर्ती परीक्षाओं में आयु सीमा में 2 वर्ष की छूट प्रदान किए जाने का आग्रह किया है। विधायक के इस अनुकरणीय पहल की युवाओं ने सराहना की है।



## कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में कलेक्टर ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 05 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आज जिला पंचायत सीईओ श्री कुणाल दुदावत के साथ विकासखण्ड सोनहत के दौरे के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा छात्रावास अधीक्षिका को बालिकाओं के कमरे में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। कम्प्यूटर कक्ष का निरीक्षण कर कलेक्टर श्री शर्मा ने पर्याप्त मात्रा में कम्प्यूटर की व्यवस्था कर बालिकाओं को रोटेशन अनुसार प्रशिक्षित किए जाने कहा। उन्होंने जिला समन्वयक समग्र शिक्षा को छात्रावास में बालिकाओं हेतु लाईब्रेरी निर्माण की कार्ययोजना तैयार किए जाने के निर्दश दिए जिससे उन्हें बेहतर शिक्षण सामग्री उपलब्ध हो सके।



बालिकाओं के साथ बैठ किया भोजन, विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं पर की बात-कलेक्टर श्री शर्मा ने बालिकाओं के साथ बैठकर भोजन किया, उन्होंने बालिकाओं से उनकी जरूरतों एवं आवासीय सुविधाओं की जानकारी ली तथा भविष्य में आगे बढ़ने प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय में बालिकाओं से मिलने आयी माताओं से भी कलेक्टर ने बात की।

# शिवालयों जलाभिषेक के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

### पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष ने छुरीगढ़ धाम में किया विशाल भंडारे का आयोजन

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 05 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।

जिले के सभी शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा, सभी धार्मिक स्थलों व मंदिरों में सुबह से श्रद्धालु पहुंच कर शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए खड़े रहे और बारी-बारी से जलाभिषेक कर अपने घरों की सुख समृद्धि की कामना की भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए के लिए श्रद्धालु लगे रहे, वहीं सावन के महीने में बारिश हो इसके लिए भी कामना की गई तरह-तरह के धार्मिक कार्यक्रम धार्मिक स्थलों पर आयोजित किए गए, जिसमें श्रद्धालु की भीड़ उमड़ी रही श्रद्धालुओं का जत्था बैकुंठपुर के नजदीक स्थित छुरिगढ़ धाम पहुंचा भोलेनाथ पर जलाभिषेक किया, छुरिगढ़ धाम का वातावरण भक्तिमए रहा लोग भोलेनाथ के भक्ति में लीन दिखे, पूरे दिन धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होता रहा यहां तक की जगह जगह विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, सावन के तीसरे सोमवार को महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने पूरे दिन का व्रत रखा। सुबह पांच बजे से ही मंदिरों के कपाट खुल गए थे। जहां पहुंचे श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयकारे के साथ जल, दूध, आदि से शिवलिंग में जलाभिषेक किया। भक्तों ने बेल पत्र, भांग, धतूरा, फूल माला चढ़ाकर भगवान की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की

पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जायसवाल के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन-पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जयसवाल के द्वारा कांवरियों सहित श्रद्धालुओं के लिए किया गया भंडारे का आयोजन, हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन के महीने में बैकुंठपुर की प्रेमा बाग के समीप गेज नदी से जल उठा कर कांवरियों के द्वारा छोरी गढ़ धाम स्थित भगवान शिव के जलाभिषेक का भव्य आयोजन किया जाता है इस आयोजन में नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के पूर्व अध्यक्ष अशोक जयसवाल के द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया जाता है इस वर्ष भी उनके व उनके परिवार के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें जितने भी कांवरिया जलाभिषेक करने छोरीगढ़ धाम पहुंच रहे हैं सबको पर्याप्त मात्रा में भोग भंडारे का व्यवस्था किया गया, इनके द्वारा किए गए इस प्रयास की हर तरफ सराहना हो रही है, ज्ञात हो कि अशोक जयसवाल के द्वारा इस तरह के कार्य कर लोगों के बीच में अच्छी पकड़वा जान पहचान है उनके द्वारा किए जा रहे प्रयास को उनकी पार्षद पत्नी श्रीमती साधना जयसवाल भाई विनोद जयसवाल सहित परिवार के सदस्य तथा इष्ट मित्र भरपूर सहयोग करते दिखे।



## चिरमिरी में छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कामर्स की बैठक कोरिया जिलाध्यक्ष व सम्मानित पदाधिकारियों उपस्थिति में सम्पन्न

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 05 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।

चिरमिरी में छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कामर्स कोरिया जिलाध्यक्ष सहित सम्मानित पदाधिकारियों तथा चिरमिरी नगर के सम्मानित चेम्बर सदस्य एवं गणमान्य ब्यपारियो की उपस्थिति में आयोजित बैठक में अनेक विषयों पर गंभीर चर्चा की गई। रविवार को संगत भवन गुरुनानक चौक गोदरीपारा में छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कामर्स चिरमिरी ईकाई के सदस्यों एवं सम्मानित ब्यापारी बंधुओ की उपस्थिति में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कामर्स कोरिया के जिलाध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने सभा को संबोधित करते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध का समर्थन करते हुए सभी सम्मानित ब्यापारी बंधुओ से इससे पर्यावरण को होने वाले नुक़सान से बचाने की अपील की साथ ही संगठन को मजबूत बनाने हेतु अपना पूर्ण समर्थन देने की बात कही। जिलाध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने सभी सम्मानित ब्यापारियो से चेम्बर का सदस्य बनने की भी अपील की।

कार्यक्रम में स्वागत समारोह उपरांत राजेंद्र कुमार सोनी द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए ब्यापार संघ बड़ा बाजार चिरमिरी के अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने निकट भविष्य में चिरमिरी में लघु एवं कुटीर उद्योग की बड़ी प्रदर्शनी शासन के सहयोग से लगाकर रोज़गार के नए अवसर बढ़ाने की बात रखी। विधायक प्रतिनिधि शिवांस जैन ने भी सभा को संबोधित करते हुए एक ब्यापारी होने के नाते हर ब्यापारी को किसी भी प्रकार की परेशानी से निजात दिलाने हर सहयोग का आश्वासन दिया तथा चेम्बर सदस्य संख्या बढ़ाने में सहयोग देने की बात कही। सभा को छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कामर्स मनेन्द्रगढ के कार्यकारी अध्यक्ष शैलेश जैन प्रदेश उपाध्यक्ष रफीक मेमन जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल जिला कोषाध्यक्ष सुदामा छत्तानी ने भी संबोधित किया। शैलेश जैन ने चिरमिरी में चेम्बर सदस्य संख्या बढ़ाकर भविष्य में अलग ईकाई के गठन की बात रखी जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वागत करते हुए जल्दी ही चेम्बर के सदस्य बनने की घोषणा की। अंत में सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध का स्वागत किया गया और आगामी 15 दिनों में ब्यापारियो से अपील की गई कि वे अपने प्रतिष्ठान से पन्नी का स्टाक समाप्त करें एवं इस बीच की अवधि में विकल्प प्रस्तुत कर समाज में जागरूकता लाने का प्रयास करें।

उक्त कार्यक्रम में गोदरीपारा ब्यापार संघ के अध्यक्ष गणेश गुप्ता सुनील अग्रवाल राम बाबू गुप्ता अब्दुल हई जमुना प्रसाद गुप्ता मोहम्मद शाहिद संतोष अग्रवाल मनोज गुप्ता सचिव अग्रवाल मंजू गुप्ता लल्लू जायसवाल कृष्णा गुप्ता जगदीश गुप्ता विजय मेघानी नरेश गुप्ता अजय सेठिया सुधीर अग्रवाल संजय जैन इस्माइल भाई राकेश चौरसिया बलप्रीत छाबड़ा सहित बड़ी संख्या में ब्यापारी उपस्थित रहे । कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ब्यापारी विजय मेघानी की बेटी को उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने पर शासन प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया। आभार प्रदर्शन सचिन अग्रवाल द्वारा किया गया।



## बहु ने टांगी से मारकर की थी अपनी सास की हत्या

-नगर संवाददाता-
सूरजपुर 05 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।

ग्राम चंदेली थाना प्रतापपुर निवासी सफानो बाई की आकस्मिक मृत्यु के संबंध में पुलिस सहायतता केन्द्र मेडिकल कालेज अम्बिकापुर से शून्य में मर्ग डायरी प्राप्त होने पर नंबरी मर्ग कायम कर जांच की गई। मृतिका सफानो बाई को दिनांक 02.08.2022 के शाम करीब 7 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से सिर में प्रहार कर प्राणघातक चोट पहुंचाने से हत्यात्मक प्रकृति का मृत्यु होना पाए जाने पर गुरूवार को थाना प्रतापपुर में धारा 302 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने प्रकरण की सूक्ष्मता से विवेचना करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रतापपुर पुलिस के द्वारा मामले के सभी पहलुओं पर गंभीरतापूर्वक विवेचना किया गया इसी दौरान जानकारी मिली कि मृतिका सफानो बाई की बड़ी बहु लुन्ती बाई अपने सास को पसंद नहीं करती थी। संदेह के आधार पर मृतिका की बहु लुन्ती बाई से कड़ाई से पूछताछ करने पर सास की हत्या करना स्वीकार करते हुए बताया कि घटना दिनांक के शाम को बाड़ी तरफ से घर आने पर दरवाजा के पास सास को सोई देखकर घर अंदर जाने पर उसकी सास द्वारा उठने पर मारपीट करने की आशंका पर टांगी से प्राणघातक हमला कर गंभीर चोट पहुंचाया और टांगी को बाड़ी में छुपा देना बताया। आरोपी लुन्ती बाई पति दशरथ उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम चंदेली के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टांगी जप्त कर गिरफ्तार किया गया।



इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर नीलिमा तिर्की, एसआई राजेश तिवारी, प्रधान आरक्षक राजेश यादव, आरक्षक अवधेश कुशवाहा, महिला आरक्षक धनेश्वरी कुजूर, अनिमा मिंज व हेमकुमारी सक्रिय रहे।

# विक्रमसिंघे सरकार पर लगा आंदोलनकारियों के दमन का आरोप

## आर्थिक मदद मिलने में बन रहे रुकावट

**कोलंबो , 05 अगस्त 2022।** श्रीलंका में सरकार विरोधी आंदोलनकारियों के खिलाफ अब कार्रवाई तेज हो गई है। समझा जाता है कि राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के इस बयान के बाद ये कदम उठाए जा रहे हैं कि जब तक आंदोलन का माहौल रहेगा, विदेशी एजेंसियां श्रीलंका को आर्थिक मदद देने के लिए आगे नहीं आएंगी। हालांकि अब विक्रमसिंघे ने दावा किया है कि सरकार विरोधियों के खिलाफ कोई बड़ी मुहिम छेड़ी गई है।

श्रीलंका के जाने माने ट्रेड यूनियन नेता जोसेफ स्टालिन को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। स्टालिन श्रीलंका टीचर्स यूनियन के अध्यक्ष हैं। पूर्व राष्ट्रपति गोटाबया राजपक्षे के खिलाफ चले देशव्यापी आंदोलन को संचालित करने में उनकी बड़ी भूमिका थी। इसी आंदोलन के कारण पिछले महीने राजपक्षे को देश छोड़ कर भागना पड़ा। उसके बाद पिछले 20 जुलाई को श्रीलंका की संसद ने विक्रमसिंघे को नया राष्ट्रपति चुना था। मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि राष्ट्रपति पद संभालने के तुरंत बाद विक्रमसिंघे ने सरकार विरोधियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। अब उसे काफी तेज कर दिया गया है।



कई लोगों को गिरफ्तार किए जाने की खबर

पुलिसकर्मियों ने बुधवार को यहां गॉल फेस स्थित प्रदर्शनकारियों के ठिकाने पर जाकर उन्हें पांच अगस्त तक वहां से हट जाने को कहा। इस बारे में उन्हें लिखित नोटिस दिया गया है। इस बीच पिछले तीन महीने से भी अधिक समय से जारी विरोध-प्रदर्शनों में शामिल रहे कई लोगों को गिरफ्तार किए जाने की खबर है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों के बीच जोसेफ स्टालिन सबसे वरिष्ठ नेता हैं।

इसी हफ्ते विक्रमसिंघे ने अमेरिकी अखबार द वॉल स्ट्रीट जर्नल को दिए इंटरव्यू में विरोध प्रदर्शनों को तुरंत समाप्त करने की जरूरत बताई थी। पर्यवेक्षकों की राय है कि विक्रमसिंघे सरकार इसे सुनिश्चित करने के लिए सख्त रुख अपना रही है। मंगलवार को अमेरिकी मानवाधिकार संस्था ह्यूमन राइट्स वॉच ने सरकार की तरफ से अपनाए जा रहे तौर-तरीकों की कड़ी आलोचना की। इसके बाद बुधवार को विक्रमसिंघे ने संसद में एक बयान दिया। उसमें उन्होंने कहा- 'कुछ समूह सोशल मीडिया के जरिए बड़े पैमाने पर ये दुष्प्रचार कर रहे हैं कि मैं सरकार विरोधियों को निशाना बना रहा हूं। लेकिन यह सच नहीं है। मैं शांतिपूर्ण कार्यकर्ताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होने दूंगा।'

**कार्यकर्ताओं का आरोप- राजपक्षे के इशारे पर काम कर रहे विक्रमसिंघे**

कई कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि विक्रमसिंघे पूर्व सत्ताधारी राजपक्षे परिवार के इशारे पर काम कर रहे हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने कहा था कि सरकार विरोधी आंदोलन की शुरुआत शांतिपूर्ण ढंग से हुई, लेकिन बाद में आंदोलन हिंसक हो गया। कुछ राजनीति प्रेरित गुट इस आंदोलन के संचालक बन गए। विक्रमसिंघे ने कहा था- मैं हिंसा और आतंकवाद को नहीं चलने दूंगा। आरोप है कि ऐसे बयानों के बाद ही आंदोलनकारियों का दमन शुरू हुआ।

ह्यूमन राइट्स वॉच की दक्षिण एशिया निदेशक मीनाक्षी गांगली ने बुधवार को कहा- 'ऐसा लगता है कि सरकार गैर-कानूनी प्रयास कर रही है, ताकि वह देश में जारी आर्थिक संकट से लोगों का ध्यान हटा सके।' उधर आंदोलनकारियों ने इसे बिल्कुल झूठ बताया है कि विक्रमसिंघे अहिंसक विरोध का संरक्षण कर रहे हैं। एक प्रदर्शनकारी ने वेबसाइट इकोनॉमीनेक्स्ट.काम से कहा- 'राष्ट्रपति ने कानून-व्यवस्था लागू करने के नाम पर अभिव्यक्ति की आजादी का दमन शुरू कर दिया है।' आंदोलनकारियों का यह इल्जाम भी है कि विक्रमसिंघे राजपक्षे परिवार के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों में नरम रुख अपनाए हुए हैं।

# अल-जवाहिरी की मौत के बाद अब अल-कायदा का क्या होगा?

**काबुल , 05 अगस्त 2022।**





अमेरिका के ड्रोन हमले में अयमान अल-जवाहिरी के मारे जाने के बाद आतंकवादी संगठन अल-कायदा के भविष्य को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। अल-जवाहिरी सितंबर 2011 में अमेरिका पर हुए आतंकवादी हमलों के मुख्य षड्यंत्रकारियों में गिना जाता था। अल-कायदा के भीतर उसका दर्जा मारे गए आतंकवादी ओसामा बिन-लादेन के बाद दूसरा था। 2011 में पाकिस्तान के एबटाबाद में अमेरिकी कार्रवाई में ओसामा के मारे जाने के बाद अल-जवाहिरी अल-कायदा का नेता बना था।

बीते सोमवार को एक टीवी प्रसारण में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अल-जवाहिरी के मारे जाने का एलान किया। अमेरिका के अफगानिस्तान से लौटने के लगभग एक वर्ष बाद अमेरिका को ये कामयाबी मिली। उसके बाद से विशेषज्ञों के बीच ये सवाल चर्चित है कि क्या इसके साथ अल-कायदा खत्म हो जाएगा।

अमेरिका के वेस्ट प्वाइंट स्थित यूएस मिलिटरी एकेडमी से जुड़े आतंकवाद विशेषज्ञ डैनियल मिल्टन ने राय जताई है कि अब अल-कायदा एक दोराहे पर पहुंच गया है। अब सवाल यह है कि अल-कायदा का नया नेता कौन बनेगा। अगर ये संगठन ऐसे नेता ढूंढने में सफल रहा, जो संगठन से जुड़े समूहों का समूहों का भरोसा पा सके, तो अल-कायदा इस झटके से उबर सकता है। वरना, नए नेता को चुनौतियां मिलेंगी, जिससे इस संगठन में बंटवारे की संभावना बनेगी। अमेरिका की जॉर्ज वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी में आतंकवाद विभाग में अनुसंधानकर्ता होरोरो जे इनग्राम और एंड्र्यू माइन्स भी इस राय से सहमत हैं।

विशेषज्ञों की राय है कि अल-कायदा की अभी भी दुनिया के कई हिस्सों में मौजूदगी है। इसलिए यह संभव है कि जैसे ओसामा बिन-लादेन की मौत के बाद भी संगठन सक्रिय रहा, वैसा ही अल-जवाहिरी की मौत के बाद भी हो सकता है। अफगानिस्तान में शासन कर रहे तालिबान को अल-कायदा का निकट सहयोगी समझा जाता है। पिछले साल तालिबान के सत्ता में आने को अल-कायदा की भी एक कामयाबी माना गया था।

जानकारों के मुताबिक अल-कायदा के पांव अभी अफ्रीका के माली से लेकर चैड और सोमालिया तक फैले हुए हैं। इसके अलावा यमन में भी उसकी शाखा है। संयुक्त राष्ट्र की निगरानी टीम की एक रिपोर्ट के मुताबिक अल-कायदा अभी भी अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को निशाना बनाने में सक्षम है। लेकिन इसकी ताकत कितनी बनी रहेगी, यह इस पर निर्भर करेगा कि क्या संगठन अपना एक सर्वमान्य नेता ढूंढ पाता है।



# टीवी डिबेट में ट्रस पर भारी पड़े सुनक,कंजरवेटिव सदस्यों का जीता दिल

**लंदन, 05 अगस्त 2022।** ब्रिटेन के नए पीएम पद की रेस में भारतवंशी पूर्व वित्त मंत्री ऋषि सुनक एक बार फिर भारी पड़ते नजर आए हैं। टेलीविजन पर उनके और उनकी प्रतिद्वंद्वी ब्रिटिश विदेश मंत्री लिज ट्रस के बीच हुई बहस में सुनक ने कंजरवेटिव पार्टी के सदस्यों का दिल जीत लिया।

ब्रिटेन में सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी पीएम बोरिस जॉनसन के इस्तीफे के बाद नए प्रधानमंत्री चुनने की राह पर है। इसे लेकर सुनक व ट्रस द्वारा समर्थन जुटाने का सिलसिला जारी है। गत दिवस टीवी पर हुई बहस में सुनक ने कंजरवेटिव पार्टी के सदस्यों का व्यापक समर्थन हासिल किया।

स्काई न्यूज पर गुरुवार रात प्रसारित %द बैटल फॉर नंबर 10% कार्यक्रम में दोनों प्रतिद्वंद्वियों को कंजरवेटिव सदस्यों के आमने-सामने बैठाया गया। ये सदस्य ही नए पीएम का चुनाव करेंगे। हालांकि, अधिकतर दर्शक अपने वोट को लेकर अनिर्णय की अवस्था में नजर आए। बहस में दोनों दावेदारों ने ब्रिटिश पीएम निवास %10 डाउनिंग स्ट्रीट% पर काबिज होने के लिए अपने तर्क पेश किए। बहस के बाद दर्शकों से पूछा गया कि उन्हें किसके तर्क दमदार लगे तो ज्यादातर ने सुनक के पक्ष में हाथ उठाए। यह समर्थन सुनक के लिए प्रोत्साहनकारी होगा।

# ताइवान को अलग-थलग करने की इजाजत चीन को नहीं, टोक्यो पहुंचीं पेलोसी ने सुनाई खरी-खरी

**टोक्यो , 05 अगस्त 2022।**

एशिया यात्रा के अंतिम चरण में अमेरिकी संसद की स्पीकर नैंसी पेलोसी शुक्रवार को जापान पहुंच गई। यहां पहुंचते ही पेलोसी ने चीन को खरी-खरी सुनाई। उन्होंने कहा, चीन ने उनके दौरे को एक बहाने के रूप में इस्तेमाल किया और ताइवान पर हमला बोला। पेलोसी ने कहा, चीन ताइवान को अलग-थलग करना चाहता है, लेकिन हम उसे यह करने की अनुमति नहीं देते हैं।



**यथास्थिति बदलने के लिए नहीं थी ताइवान यात्रा**

पेलोसी ने टोक्यो में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, हम यहां एशिया में ताइवान की यथास्थिति बदलने के लिए नहीं हैं, बल्कि ताइवान संबंध अधिनियम, स्-चीन नीति, सभी कानूनों और समझौतों की वजह से हैं। हम चाहते हैं कि ताइवान में शांति कायम रहे। उन्होंने कहा, मुझे ताइवान की यात्रा करने से चीन नहीं रोक सकता है। वह मेरी यात्रा का कार्यक्रम नहीं तय करेगा। उन्होंने कहा, अमेरिका और ताइवान की दोस्ती मजबूत है, यह द्विदलीय है और ताइवान में शांति और यथास्थिति के लिए सदन और सीनेट का भारी समर्थन है।

**दो बड़े देशों के बीच होना चाहिए संवाद**

नैंसी पेलोसी ने कहा, अमेरिका और चीनी राष्ट्रपति के बीच संवाद होता है। ऐसे दो बड़े देशों के बीच संवाद होना ही चाहिए। उन्होंने कहा, अगर हम चीन में व्यावसायिक हितों के कारण मानवाधिकारों पर नहीं बोलते हैं, तो हम दुनिया में कहीं भी मानवाधिकारों के बारे में बोलने के सभी नैतिक अधिकार खो देते हैं।

**किशिदा से मिलीं पेलोसी**

नैंसी पेलोसी जापान यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से भी मिलीं। इस दौरान किशिदा ने ताइवान की ओर दागी गई चीनी मिसाइलों के जापान में गिरने को एक गंभीर समस्या बताया। उन्होंने कहा कि मिसाइल प्रक्षेपणों को तुरंत रोके जाने की आवश्यकता है। गौरतलब है कि चीन ने पेलोसी की ताइवान यात्रा को उकसावा बताया था और गुरुवार को ताइवान के आसपास के छह क्षेत्रों में मिसाइल दागने समेत सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया था। उसने धमकी दे रखी है कि अगर जरूरत पड़ी तो वह ताइवान पर बलपूर्वक कब्जा जमा लेगा।

# सियासी दांवपेच में पिसा निर्वाचन आयोग,अस्थिरता बढ़ने का अंदेशा

**इस्लामाबाद , 05 अगस्त 2022।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने अब सीधे देश के निर्वाचन आयोग को निशाने पर ले लिया है। पीटीआई पहले से भी 'एस्टैबलिशमेंट' (सेना और खुफिया नेतृत्व) और न्यायापालिका के साथ निर्वाचन आयोग की आलोचना कर रही थी। लेकिन प्रतिबंधित स्रोतों से चंदा लेने के मामले में निर्वाचन आयोग के मंगलवार को आए फैसले के बाद अब वह मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा के खिलाफ जंगी मूड में आ गई है। टीकाकारों के मुताबिक निर्वाचन आयोग की साख संदिग्ध होने का पाकिस्तान के लोकतंत्र पर बहुत खराब असर पड़ेगा।




निर्वाचन आयोग ने 2014 में दी गई एक अर्जी पर अपना फैसला इस मंगलवार को सुनाया। उसने कहा कि पीटीआई ने विदेशी नागरिकों और विदेश में कारोबार करने वाली कंपनियों से राजनीतिक चंदा लिया। आयोग ने इसके बाद पीटीआई को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उधर शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) सरकार ने इस निर्णय के आधार पर इमरान खान और पीटीआई पर नकेल कसने की तैयारी शुरू कर दी है। चर्चा है कि पीटीआई के चुनाव लड़ने पर रोक लगाई जा सकती है।

मीडिया में इमरान खान के विदेश जाने पर रोक लगाने की चर्चा भी तेज है। बुधवार को इमरान खान ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने उन पर ऐसी रोक लगाई, तो वे इसके लिए उसे धन्यवाद देंगे, क्योंकि उनका देश से बाहर जाने का कोई इरादा नहीं है। खान ने कहा- 'लंदन में मेरी कोई जायदाद नहीं है। मैं देश से बाहर नहीं जाना चाहता। मेरी जो भी संपत्ति है, वह पाकिस्तान में ही है।' एक मीडिया इंटरव्यू के दौरान उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें अपनी गिरफ्तारी की आशंका है। इस पर खान नेक कहा- जब मेरे खिलाफ कुछ भी साबित नहीं हुआ है, तो आखिर सरकार उन्हें किस आधार पर गिरफ्तार करेगी?

उधर पीटीआई के नेता फव्वाद चौधरी ने इस्लामाबाद में एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए खुलेआम आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग ने संघीय कानून मंत्री के कहने पर अपना फैसला दिया। चौधरी पूर्व इमरान खान सरकार में सूचना मंत्री थे। उन्होंने कहा कि सरकार इस फैसले से बेहद खुश है। पीडीएम के नेता इसको लेकर दर्जनों प्रेस कांफ्रेंस कर चुके हैं। उन्होंने कहा- मुख्य निर्वाचन आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा ने पीडीएम नेताओं के कहने पर ही इस मामले को तरजीह दी और उनके मनमाफिक फैसला दिया।

पीटीआई ने निर्वाचन आयोग के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का फैसला किया है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि निर्वाचन आयोग इमरान खान के खिलाफ साजिश में शामिल है। पार्टी ने ये फैसला आने के पहले ही एलान किया था कि गुरुवार (चार अगस्त) को निर्वाचन आयोग के दफ्तर पर वह विरोध प्रदर्शन करेगी। उसके इस एलान को देखते हुए इस्लामाबाद में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

# बलूचिस्तान में पाकिस्तानी झंडे बेचने वाले स्टॉल पर हथगोला फेंका, एक की मौत और 14 घायल

**इस्लामाबाद, 05 अगस्त 2022।** अशांत बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात बदमाशों ने सड़क किनारे पाकिस्तानी राष्ट्रीय झंडे बेचने वाले एक स्टॉल पर हथगोला फेंका जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो बच्चों सहित 14 अन्य घायल हो गए।



पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस से पहले हमला

पाकिस्तान के एक प्रमुख समाचार पत्र की रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना गुरुवार रात क्वेटा के जॉइंट रोड इलाके में हुई। अज्ञात मोटरसाइकिल चालकों ने 14 अगस्त को पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस से पहले राष्ट्रीय ध्वज और अन्य सजावट के सामान बेचने वाले स्टालों पर ग्रेनेड फेंका।

किसी विद्रोही समूह ने नहीं ली जिम्मेदारी

पुलिस ने कहा कि हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। दो बच्चे समेत कम से कम 14 घायल हैं। उन सभी को अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों का कहना है कि घायलों की हालत स्थिर है। अभी तक किसी भी विद्रोही समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

खनिज संसाधनों से संपन्न बलूचिस्तान, ईरान और अफगानिस्तान की सीमा से लगा क्षेत्र है जो लंबे समय से चल रहे हिंसक विद्रोह का घर है।

सीपीईसी को निशाना बनाकर पहले कई हमले कर चुके विद्रोही समूह

बलूच विद्रोही समूहों ने इससे पहले 60 अरब डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजना को निशाना बनाकर कई हमले किए हैं।

बलूचिस्तान में हाल के दिनों में यह दूसरा बड़ा हमला माना जा रहा है। इससे पहले बलूच विद्रोहियों ने पाकिस्तानी सेना के एक हेलीकॉप्टर को मार गिराया था। इस हमले पाकिस्तानी सेना के छह शीर्ष अधिकारी मारे गए थे। हमले के बाद बलूचिस्तान के विद्रोही नेता बलोच खान ने बयान जारी कर इस घटना की जिम्मेदारी ली थी और साथ ही चेतावनी दी थी कि वह आगे भी इसी तरह की घटनाओं को अंजाम देते रहेंगे।

# भारत विरोध और 'हिंदू कार्ड' के सहारे चुनाव लड़ेंगे केपी शर्मा ओली


**काठमांडो , 05 अगस्त 2022।**

पूर्व प्रधानमंत्री और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल) के नेता केपी शर्मा के इस हफ्ते पशुपतिनाथ मंदिर में जाकर आरती करने की घटना यहां सियासी हलकों में काफी चर्चित है। ओली सावन सोमवारी के दिन पशुपतिनाथ मंदिर गए थे। वे वहां भीड़ के बीच बैठे और आरती में शामिल हुए। ओली कम्युनिस्ट नेता हैं, अब तक अपने को धर्निरपेक्ष बताते रहे हैं। कम्युनिस्ट विचारधारा को वैसे भी निरीश्वरवादी माना जाता है।

पर्यवेक्षकों के मुताबिक ओली आम चुनाव के लिए प्रचार अभियान में उतर चुके हैं। खबर है कि प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व वाले सत्ताधारी गठबंधन में अगले 20 नवंबर को संघीय और प्रांतीय विधायिकाओं के लिए मतदान कराने पर सहमति बन गई है। ऐसे में उस रोज चुनाव होना तय माना जा रहा है। इसलिए ओली की पशुपतिनाथ यात्रा को उनके चुनाव अभियान से जोड़ कर देखा गया है।

2021 में जारी किया था नया नक्शा

ओली जनवरी 2021 में भी पशुपतिनाथ गए थे। तब कम्युनिस्ट हलकों में उस पर कड़ी प्रतिक्रिया हुई थी। इस बार मंदिर जाने के पहले एक पुस्तक लोकार्पण समारोह में उन्होंने आरोप लगाया कि 2016 में उनकी सरकार ने चीन के साथ पारगमन समझौते पर दस्तखत किया और 2021 में देश का नया राजनीतिक नक्शा जारी किया। इसी के बाद उनके सरकार को गिराने के प्रयास तेज हुए। ओली सरकार ने जो नया नक्शा जारी किया था, उसमें भारत के इलाकों- कालापानी, लिपुलेख और लिमपियाधुरा को नेपाल का हिस्सा



बताया गया था। पर्यवेक्षकों के मुताबिक चीन और नए नक्शे का जिक्र करने से यह संकेत मिलता है कि ओली अगले चुनाव में भारत विरोधी कार्ड भी खेलने की तैयारी में हैं।

ओली ने कहा है- 'जब मैं नया नक्शा जारी कर रहा था, तब मुझे मालूम था कि इस पर हंगामा होगा और मुझे पद छोड़ना पड़ेगा। लेकिन यह निर्विवाद है कि कालापानी, लिपुलेख और लिमपियाधुरा हमारा हिस्सा हैं।' ओली सरकार के समय नए नक्शे को अपनाने के लिए लाए गए संविधान संशोधन बिल को नेपाल की संसद ने सर्वसम्मति से मंजूरी दी थी। तब से वो मामला लटका हुआ है। देउबा सरकार ने इस पर ज्यादा जोर नहीं दिया है। जानकारों की राय है कि अब ओली अगले चुनाव में इस मुद्दे को उठा कर उग्र राष्ट्रवादी एजेंडा अपनाने की तैयारी में हैं।

## ओली ने किया था भगवान राम के नेपाल में पैदा होने का दावा

पूर्व विदेश मंत्री रमेश नाथ पांडेय ने अखबार काठमांडू पोस्ट से कहा- 'इसमें तो अब कोई शक नहीं है कि ओली हिंदू भावनाओं का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं। वे धर्म और राष्ट्रवाद के मुद्दे पर चुनावी बैतरणी पार करना चाहते हैं।' विश्लेषकों ने ध्यान दिलाया है कि 2017 के आम चुनाव में भी ओली ने उग्र राष्ट्रवादी तेवर अपनाए थे। तब उन्होंने भारत के खिलाफ उग्र बातें कही थीं। समझा जाता है कि तब उन्हें इसका फायदा मिला। इसलिए अब वे उसी रुख को दोहराना चाहते हैं।

# कोरिया के कलेक्टर साहब ! विधायक का आवेदन खड़े होकर सम्मान पूर्वक लिये जिला पंचायत उपाध्यक्ष का आवेदन लेने के लिए कुर्सी भी नहीं छोड़े ?







» एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि को कलेक्टर साहब ने दिया बेहतर तवज्जो,दूसरे निर्वाचित जनप्रतिनिधि को नहीं दिया तवज्जो,आखिर क्यों ?
» क्या ऊंचे निर्वाचित जनप्रतिनिधि को बेहतर तवज्जो,निचले स्तर के निर्वाचित जनप्रतिनिधि को बिल्कुल भी तवज्जो नहीं,क्या यही है लोकतंत्र ?
» मुद्दे समान,अधिकारी भी वही,पर अंदाज ए बयां अलग-अलग क्यों ?

-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 05 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**

पूरा कोरिया जिला आषाढ़ और सावन बीत जाने के बाद भी अल्प वर्षा और सूखे के कारण उत्पन्न होने वाली आपदा से परेशान है। जिसे लेकर छत्तीसगढ़ की राजनीति के पक्ष और विपक्ष के जनप्रतिनिधि लगातार अपने-अपने स्तर पर कोरिया जिले को सूखाग्रस्त घोषित किए जाने एवं राहत कार्यों के प्रारंभ किए जाने की मांग को लेकर विगत कुछ दिनों से सक्रिय हैं। इसी मुद्दे को लेकर अविभाजित कोरिया जिले के कांग्रेस के दो कद्दावर नेता जो वर्तमान में निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी हैं, उन्होंने कोरिया कलेक्टर कुलदीप शर्मा से मिलकर अविभाजित जिले के विभिन्न क्षेत्रों को सूखाग्रस्त घोषित किए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा। पहली तस्वीर में अविभाजित कोरिया जिले के मनेंद्रगढ़ चिरमिरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ विनय जायसवाल ने मनेंद्रगढ़, चिरमिरी, खड़गंवा इत्यादि को सूखाग्रस्त घोषित किए जाने को लेकर जिला कलेक्टर के समक्ष ज्ञापन सौंपा। वहीं दूसरी तस्वीर में जिला पंचायत कोरिया के उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी ने बैकुंठपुर तहसील को सूखाग्रस्त घोषित किए जाने के मुद्दे को लेकर जिलाधीश महोदय को मांग पत्र और ज्ञापन सौंपा। दोनों ही व्यक्ति कद्दावर और दिग्गज कांग्रेसी हैं, जो वर्तमान में सत्ता शासन के भागीदार भी हैं और निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं। परंतु तस्वीरों में यह स्पष्ट देखा जा सकता है कि ज्ञापन स्वीकार करते समय जिलाधीश महोदय मनेंद्रगढ़ विधायक जी के साथ आत्मीयता से खड़े होकर मुस्कुराते हुए ज्ञापन सह मांगपत्र को स्वीकार कर रहें हैं, वहीं दूसरी ओर जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी के ज्ञापन को बैठे-बैठे ही अपने हाथ से उन्होंने ले लिया है,एक ही जिले के सत्ता शासन में सम्मिलित दो निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, और सत्ताधारी पार्टी के दिग्गज नेताओं के साथ जिलाधीश महोदय का यह दोहरा व्यवहार लोगों में चर्चा और कौतूहल का विषय बना रहा। चर्चाओं में यहां तक कहा गया कि सत्ताधारी पार्टी के दो निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के मध्य जब यह दोहरा व्यवहार अपनाया जा सकता है तो आम जनता की तो सुनवाई भी होगी इसमे संशय है।

कलेक्टर साहब को वैसे तो मुख्यमंत्री ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान अपने जिला प्रवास पर बहोत साबासी दी थी और दें भी क्यों नही एक भी शिकायतकर्ता मुख्यमंत्री के समक्ष नहीं जा सका और शिकायत नहीं कर सका और जिसकी वजह से मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को सबसे बढ़िया कलेक्टर कहकर साबसी दी थी और अब लगने भी लगा है कि इसी तरह यह अपने बेहतर होने का लगातार प्रमाण प्रस्तुत करते रहेंगे और आम लोगों से दूरी वहीं बड़े ओहदे वाले जनप्रतिनिधियों से नजदीकी बनाये रखेंगे। कोरिया जिले में मुख्यमंत्री के प्रवास पर जिम्मेदारी सम्हाल रहे कलेक्टर साहब का आम लोगों की शिकायतों को मुख्यमंत्री तक जाने से रोकने का प्रयास सभी ने देखा था और सभी ने यह महसूस किया था कि मुख्यमंत्री का भेंट मुलाकात कार्यक्रम पूरी तरह प्रशासन की निगरानी में और नियंत्रण में अयोजित कार्यक्रम था जिसमें तय था कि शिकायत मुख्यमंत्री तक न पहुंच सके और शासन की योजनाओं का ही बखान हो सके किसी कमजोर पक्ष का नहीं।

# सड़क बनाने के नाम पर हो रही लीपापोती

-राजेन्द्र कुमार शर्मा-
**खड़गवां 05 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**

कोरिया जिले के खड़गवां विकास खंड में सारस ताल से जरौधा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से सडक़ बनाने के नाम पर लीपापोती की गई। ठेकेदार और विभागीय अधिकारी के साथ मिलकर प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ का रुपया गटक लिया जा रहा है कही भी गुणवत्ता युक्त सडक़ नहीं बनाया गया है,और उन रुपयों को ठेकेदार, नेता और अधिकारी मिलकर चट कर रहे हैं। इस समय एक बड़ा मामला सड़क से संबंधित बड़ा चर्चित हो रहा है जिसका मुख्य कारण प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना में अधिकारियों के काला कारनामे है। विगत 10 सालों से कोरिया में जमे अधिकारी के कारनामे से हर कोई वाकिफ है लेकिन प्रशासनिक उदासीनता या उच्च अधिकारियो को भेंट पूजा के कारण कोई उनका कुछ बिगड़ नहीं पा रहा है। छत्तीसगढ़ में ग्रामीण सडक़ योजना एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के नाम पर गामीण अंचलों का पैसा अधिकारियों और ठेकेदारों ने अपनी तिजोरी में बेखौफ होकर बंद कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन के विभागिय मंत्री को पूरे छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजनाओं के तहत बनी सड़कों का भौतिक सत्यापन और टेंडर के सभी लेन-देन का ऑडिट उच्चस्तरीय टीम से जाच कराना चाहिए जिससे निर्माण कार्य में जाँच के नाम पर सिर्फ लीपापोती की जा रही है उसका खुलासा हो सके



प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के तहत खड़गवां के विकासखंड के गांवों सारस ताल से जरौधा में बनाई गई सडक़ों में मापदंडों व नियम कायदों दरकिनार कर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है। जिसका जीता जागता उदाहरण क्षेत्र में हुई अल्प वर्षा से सड़क कई जगह पर धस गई है सड़क पर पुलिया निर्माण किया गया है उसकी भी गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य होने प्रमाण उजागर हो रहा है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करोड़ों रुपए लागत की सड़क महज पांच महीने में ही धराशाई हो गई है जगह जगह पर सड़क का डामर भी उखड रहा है क्षेत्र के ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने कोरिया कलेक्टर से इस पर कार्रवाई करने की मांग की है।

इस सड़क के निर्माण कार्य के समय क्षेत्र के ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने सारस ताल से जरौधा सडक़ निर्माण में बरती गई लापरवाही और निर्माण के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार की शिकायत कोरिया कलेक्टर से लिखित में की थी इस सडक़ बनाने में घटिया मटेरियल का उपयोग करने पर स्थानीय जनपद सदस्य पवन कुमार नेटी ने ठेकेदार के मुंशी को कई बार सडक़ की गुणवत्ता युक्त निर्माण के लिए कहा था। मगर ठेकेदार ने अधिकारियो से मिली भगत करके सडक़ के निर्माण में मापदंडो को ठेंगा दिखते हुए कार्य किय है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कमीशन की लालच ने अधिकारियो के आंख-कान बंद कर दिया गया था और ठेकेदार घटिया निर्माण कर निर्माण लागत का बड़ा हिस्सा डकार गया हैं। निर्माण एजेंसी की शर्तो के मुताबिक ठेकेदार पर कम से कम पांच वर्षो तह बनाई गई सडक़ों की मरम्मत की जिम्मेदारी भी होती है लेकिन एक बार ठेकेदार सडक़ बनाकर हटा फिर दोबारा उस ओर देखता तक नहीं है। कोरिया जिले में बड़ी अनियमितता खड़गवां क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना में काफी अनियमितता होने की शिकायत आ रही है। गांववालों ने शिकायत भी की थी लेकिन उनकी शिकायत पर कौन तवज्जो दे है।

# वनपरिक्षेत्र कार्यालय खड़गवां मे चौकीदार कर रहा है पिछले दो तीन वर्षो से लिपिक का कार्य

-राजेन्द्र कुमार शर्मा-
**खड़गवां 05 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**

वनपरिक्षेत्र खडगवा के कार्यालय मे नई-नई अनिमितता का होना लाजमी है क्योंकि यहां पर चौकीदार के पद पर पदस्थ होने के बाद भी पिछले कई वर्षों से लिपिक का कार्य कराया जा रहा है जब पूर्व में रेगुलर लिपिक के पदस्थ रहने के बाद भी इसी चौकीदार के द्वारा लिपिक कार्य कार्यलय में धड़ल्ले से किया जा रहा है। खडगवा वन विभाग के कार्यालय में रेगुलर लिपिक के स्थानांतरण हुए लगभग दो से तीन वर्ष हो गए आज तक कोई नये रेगुलर लिपिक की पदस्थापना नहीं हुई है और वन विभाग कार्यालय मे दैनिक वेतन कर्मी जो कार्यलय में चौकीदार के पद पर पदस्थ हैं वो चौकीदार के द्वारा कार्यलय में लिपिक का कार्य करते हुएसारे दस्तावेजों की लिखा पढ़ी का कार्य किया जा रहा है वो भी खडगवा वन परिक्षेत्र कार्यालय के अधिकारीयों एवं जिला कार्यालय के अधिकारियों के जानकारी मे सारे कार्य नियम विरूद्ध तरीके से कराए जा रहे हैं और जब से रेगुलर लिपिक का प्रशासन के द्वारा स्थानांतरण किया गया है। उसके बाद दो से तीन वर्ष हो गए वन विभाग कार्यालय में रेगुलर लिपिक की पदस्थापना नहीं हुई है।




और कार्यलय के सारे निर्माण कार्य से लेकर गोपनीय कार्य भी पदस्थ चौकीदार के द्वारा किए जा रहे हैं। जिससे खडगवा वनपरिक्षेत्र कार्यालय की गोपनीयता भी भंग हो रही है इस चौकीदार का व्यवहार भी वन विभाग के कर्मचारियों के प्रति संतोष जनक नहीं होने के कारण वन विभाग के कर्मचारियों मे समय समय पर चौकीदार के प्रति असंतोष भी दिखाई देता रहा है खडगवा वनपरिक्षेत्र के अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त होने के कारण इस चौकीदार की कार्य प्रणाली तो काफी चर्चा में रहती है जिसके कारण इस चौकीदार का वनपरिक्षेत्र मे काफी जलवा भी बना है कार्यालय के सारें कार्य इस चौकीदार के द्वारा किया जाता है।खडगवा वन विभाग कार्यालय के सूत्रों से मिली जानकारी से इस चौकीदार लिपिक के द्वारा निर्माण कार्यो मे काफी भ्रष्टाचार भी किया गया है अगर इसके द्वारा तैयार किये गए फाइलों की जाच कराई जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

अब देखना है कि वर्तमान खडगवा वन परिक्षेत्रा अधिकारी कया इस चौकीदार लिपिक पर मेहरबान रहेगें या इसे इसके पद से बाहर करेंगे

जबकि वन परिक्षेत्र कार्यालय मे एक लिपिक का पद होने के बाद भी चौकीदार लिपिक का कार्य कर रहा है

इस पर उच्च वन अधिकारी को संज्ञान में लेकर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए जिससे कार्यालय की गोपनीयता बनी रहे।

इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी से फोन के माध्यम से संपर्क करना चाह तो संपर्क नहीं हो सका।

# कालोनियों में व्याप्त गंदगी से कालोनीवासी परेशान

-ओमकार पांडेय-
**सूरजपुर 05 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**

एसईसीएल प्रबंधन व नगर पंचायत के सफाई अभियान में क्षेत्र निर्धारण का खामियाजा श्रमवीरों व उनके परिजन को भुगतने विवश होना पड़ रहा है। एसईसीएल के सफाई ठेकेदारों द्वारा समयानुसार कार्य न कराए जाने की वजह से कालोनियों के पिछले हिस्से में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे बीमारियों के प्रकोप फैलने की आशंका भी लोगों में बनी रहती है। गौरतलब है कि एसईसीएल व नगर पंचायत प्रबंधन द्वारा कालोनियों में सफाई कार्य हेतु स्थल का चिन्हाकन तो कर दिया गया है लेकिन एसईसीएल के सफाई ठेकेदारों द्वारा अपने निर्धारित स्थल पर सफाई कार्य कालोनियों के पिछले हिस्से में लंबे समय से नहीं किए जाने से गंदगी का



आलम कालोनियों के पिछले हिस्से में व्याप्त हो गया है। नगर पंचायत द्वारा तो कालोनियों के सामने हिस्से की सफाई कार्य पूर्ण कराकर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने प्रयास कर रही है लेकिन एसईसीएल प्रबंधन की उदासीनता से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन की हवा निकल रही है। नियमित रूप से कालोनियों के पिछले हिस्से की सफाई कार्य कराए जाने नगर पंचायत प्रबंधन द्वारा कई बार एसईसीएल प्रबंधन से पत्र व्यवहार भी किया जा चुका है, बावजूद इसके एसईसीएल प्रबंधन द्वारा उक्त गंभीर समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे कालोनीवासियों में नाराजगी व्याप्त है। कालोनियों में नियमित सफाई कार्य के अभाव में मच्छरों का भी आतंक लोगों को काफी भुगतना पड़ रहा है। कालोनियों में तो स्थिति यह है कि दिन में भी लोगों को मच्छरों के प्रकोप झेलने पड़ रहे हैं। सफाई में अव्यवस्था को लेकर एसईसीएल कंपनी की वेलफेयर बोर्ड द्वारा भी अपनी आपत्ति दर्ज कराई जा चुकी है।

# अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह ने जिले में पदभार ग्रहण किया

-नगर संवाददाता-
**सूरजपुर 05 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**



आज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह द्वारा सूरजपुर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने उन्हें जिले के बारे में अवगत कराया और बेहतर पुलिसिंग करने हेतु दिशा-निर्देश दिए। पदभार ग्रहण करते ही नवपदस्थ एएसपी ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों का परिचय प्राप्त किया। विदित हो कि एएसपी मधुलिका सिंह 2007 बैच के राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी है। इसके पूर्व सीएसपी सिविल लाईन, जगदलपुर, डीएसपी ट्रैफिक बिलासपुर, डीएसपी ग्रामीण अम्बिकापुर और एएसपी की पदोन्नति उपरान्त जांजगीर-चाम्पा, बिलासपुर और कोरिया में अपनी सेवाएं दी है।

# कृष्णकुंज के पाथ-वे की चौड़ाई बढ़ाने की मांग

-नगर संवाददाता-
**सूरजपुर 05 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**

छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी कृष्णकुंज योजना के तहत जिला मुख्यालय सूरजपुर के वार्ड क्र0-04 स्थित वन भूमि पर किये जा रहे पाथ-वे निर्माण कार्य की चौड़ाई कम होने को लेकर आज नगरपालिका अध्यक्ष के.के. अग्रवाल के नेतृत्व में पार्षद बिरेन्द्र बंसल, विधायक प्रतिनिधि प्रवेष गोयल, पुष्पलता गिरधारी साहू, संजय जैन, मंजू गोयल समेत अन्य ने कलेक्टर इफ्फत आरा, संयुक्त कलेक्टर षिव बनर्जी से मुलाकात की और उन्होंने पाथवे की चौड़ाई कम से कम 3 मीटर करने की मांग की है। गौरतलब है कि कृष्णकुंज परिसर में पाथ-वे की चौड़ाई महज 1.8 फिट प्रस्तावित है। जो उपयोगिता की दृष्टि से बहुत ही कम है। जिस उद्देष्य से पाथ-वे का निर्माण कराया जा रहा है। उन उद्देष्यों की पुर्ति के लिए कम से कम 3 से 4 मीटर चौड़े पाथ-वे का निर्माण अत्यंत आवष्यक है। कलेक्टर के नाम सौंपे गये ज्ञापन में समस्त जनप्रतिनिधियों ने कृष्णकुंज के पाथ-वे की चौड़ाई बढ़ाए जाने की मांग की है। जिले के वन मण्डाधिकारी संजय यादव एवं संयुक्त कलेक्टर षिव बनर्जी ने नगरपालिका अध्यक्ष एवं समस्त जनप्रतिनिधियों को आष्वस्त किया की निर्माण एजेंसी से उक्त कार्य को कराया जाएगा। जनप्रतिनिधियों की मांग उचित है।



## न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)

रा0प्र0क्रं0- /ब-121/2021-22

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि महेश कुमार नामदेव आ0 नारायण नामदेव निवासी-रिंगरोड बौरीपारा, अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 द्वारा अपने स्वामित्व और अधिपत्य की स्थित नजूल भूमि मोहल्ला-बौरीपारा नगर अम्बिकापुर में स्थित नजूल भूमि खसर-2169/17 रकबा 80.90 वर्गमीटर भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। आवेदक उक्त नजूल भूखण्ड 2169/17 रकबा 80.90 वर्गमीटर पर प्रस्तावित भू-तल पर रकबा 64.72 वर्गमीटर प्रथम-तल पर रकबा 64.72 वर्गमीटर भूमि पर आवासीय भवन निर्माण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र मय मेन्टेनेन्स खसरा एवं प्रस्तावित ब्लूप्रिंट नक्शा की प्रति सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भू-खण्ड में भवन निर्माण के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/ आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 24/08/2022 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/08/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर

## कार्यालय सेनानी 12 वीं(भा/र) वाहिनी छसबल रामानुजगंज,बलरामपुर

**संक्षिप्त निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

विज्ञप्ति क्रमांक 12वीं बटा./छसबल/रा.गंज/सा.अ./एम/1051-ए/22
दिनांक 04/08/2022

निविदा एकल प्रणाल के तहत श्रेणी डी एवं ऊपर के पंजीकृत ठेकेदारों से उपयुक्त प्रपत्र 'ए' में केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है तथा नियत तिथि को उपस्थिति निविदाकारों या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जावेंगे निविदा प्रपत्र का मूल्य 750.00 रू व कार्यवधि 03 माह वर्षा ऋतु सहित।

निविदा से संबंधित तिथियां निम्नानुसार हैः-

01.आवेदन करने की अंतिम तिथि-दिनांक-10.08.2022(अपरान्ह 5.30 बजे तक)
02.निविदा प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त करने की तिथि-दिनांक-16.08.2022(अपरान्ह 5.30 बजे तक)
03.निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि-दिनांक-23.08.2022 (अपरान्ह 5.30 बजे तक)
04. निविदा खुलने की तिथि- दिनांक-24.08.2022(अपरान्ह 16.00 बजे तक)

| क्रं | कार्य का नाम | लागत | अमानत राशि टीडीआर के रूप में |
|---|---|---|---|
| 1 | पुराने बैरक के ऊपर नए बैरक का निर्माण | 8,39,000.00 | 6300 |

निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर,विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि तक प्राप्त की जा सकती है।

सेनानी
12वीं(भा/र)वाहिनी छसबल
रामानुजगंज,बलरामपुर

जी-93394/2

## कार्यालय कलेक्टर,जिला सरगुजा एवं पदेन उप सचिव छ.ग. शासन,राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

:: प्रारंभिक सूचना::

अम्बिकापुर दिनांक 09/मई/2022

रा0प्र0क्रं0/11/अ-82/2021-22 : चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के कालम(1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के कालम (6) में उसके सामने दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन तथा पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की उपधारा(1)के उपबंधों के अनुसार एतद् द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को भूमि के संबंध में धारा 12 द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने क लिए प्राधिकृत करता है।

**जिला-सरगुजा,तहसील-सीतापुर ग्राम/प.ह.न.बगडोली(डुबान)/21**

| ::अनुसूची:: | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अर्जित भूमि का विवरण | | | | | |
| खसरा नम्बर क्षेत्रफल हेक्टेयर में | | | | | |
| भूमि का विवरण | | | | | |
| खसरा नं. | रकबा | खसरा नं. | रकबा | खसरा नं. | रकबा |
| 258/1 | 0.140 | 763 | 0.210 | 363 | 0.082 |
| 240/1 | 0.063 | 420/1 | 0.158 | 343/3 | 0.170 |
| 253 | 0.401 | 791/1 | 0.514 | 241 | 0.079 |
| 422 | 0.325 | 792 | 0.591 | 242 | 0.316 |
| 774 | 0.340 | 444 | 0.518 | 794 | 0.360 |
| 704 | 0.129 | 446 | 0.437 | 256 | 0.045 |
| 447/5 | 0.162 | 475/1 | 0.202 | 490 | 0.162 |
| 247/6 | 0.397 | 775/3 | 0.242 | 406/2 | 1.011 |
| 248 | 0.186 | 411/6 | 0.742 | 406/3 | 1.231 |
| 778/2 | 0.356 | 775 | 0.575 | 760 | 0.004 |
| 782 | 0.182 | 785 | 0.057 | 759/1 | 0.202 |
| 783 | 0.198 | 908/1 | 0.017 | 471 | 0.454 |
| 405 | 0.388 | 243/4 | 0.121 | 232 | 0.458 |
| 408 | 0.470 | 247/7 | 0.405 | 462/2 | 0.405 |
| 419/2 | 0.405 | 255/1 | 0.178 | 419/3 | 0.289 |
| 416/1 | 0.061 | 257/1 | 0.020 | | |
| 411/12 61 | 0.162 | 254 | 0.360 | | |

**कुल खसरा 49/ कुल रकबा 14.980 हेक्टेयर**

**नोटः-**

धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी-कार्यपालन अभियंता,जल संसाधन संभाग क्रमांक-1,अम्बिकापुर
सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण -: रजपुरी जलाशय योजना
2.यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि में कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता,लोक प्रयोजन के औचित्य तथा सामाजिक समाघात निर्धारण के निष्कर्षों के बारे में अपना दावा/आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम सेअधिनियम 2013 की धारा15 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा।
3.भूमि का नक्शा(प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा) सीतापुर जिला सरगुजा(छ0ग0) के कार्यालय में किया जा सकता है।
4. प्रस्तावित भू-अर्जन से किसी भी प्रभावित का विस्थापन निहित नहीं है।
5. प्रस्तावित प्रयोजन के भू-अर्जन के लिए कराए गए सामाजिक समाघात अध्ययन के अनुसार भूमि का अर्जन अंतिम विकल्प के रूप में किया जाना प्रस्तावित है तथा भूमि अर्जन से सामाजिक समाघात की तुलना में सामाजिक लाभ अधिक होना पाया गया है।
6. प्रस्तावित भू-अर्जन के लिए अधिनियम 2013 की धारा 43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी (रा) सीतापुर जिला सरगुजा को पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक नियुक्त किया गया है।

(अनमोल विवेक टोप्पो)
भू-अर्जन अधिकारी
सीतापुर

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(संजीव कुमार झा)
कलेक्टर
सरगुजा
एवं पदेन उप सचिव छ.ग.शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

जी-93320/2




# सुधीर ने रचा इतिहास,पैरा पावर लिफ्टिंग में गोल्ड जीतने वाले बने पहले भारतीय




**नई दिल्ली ,05 अगस्त 2022 ।** भारत के सुधीर ने राष्ट्रमंडल खेलों की पैरा पावर लिफ्टिंग स्पर्धा के पुरुष हैवीवेट फाइनल में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। सुधीर राष्ट्रमंडल खेलों की पैरा पावर लिफ्टिंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी है। उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में 212 किग्रा वजन उठाकर रिकॉर्ड 134.5 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। सुधीर हालांकि अपने अंतिम प्रयास में 217 किग्रा वजन उठाने में नाकाम रहे।

नाइजीरिया के इकेचुकवु क्रिस्टियन उबिचुकवु ने 133.6 अंक के साथ रजत जबकि स्कॉटलैंड के मिकी यूले ने 130.9 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। क्रिस्टियन ने 197 किग्रा जबकि यूले ने 192 किग्रा वजन उठाया। इससे पहले मनप्रीत कौर और सकीना खातून महिला लाइटवेट फाइनल में क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहते हुए पदक से चूक गईं जबकि पुरुष लाइटवेट फाइनल में परमजीत कुमार तीनों प्रयासों में विफल रहने के बाद अंतिम स्थान पर रहे।

मनप्रीत ने अपने पहले प्रयास में 87 और दूसरे प्रयास में 88 किग्रा वजन उठाया लेकिन तीसरे प्रयास में 90 किग्रा वजन उठाने में नाकाम रहीं। मनप्रीत को 89.6 अंक मिले।

दूसरी तरफ सकीना पहले प्रयास में 90 किग्रा वजन उठाने में नाकाम रहीं लेकिन दूसरे प्रयास में उन्होंने इस वजन को उठा लिया। उनका 93 किग्रा का तीसरा प्रयास नाकाम रहा। उन्हें 87.5 अंक मिले।

इंग्लैंड की जो न्यूसन ने 101 किग्रा के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से 102.2 अंक जुटाकर स्वर्ण पदक जीता। उनकी हमवतन ओलीविया ब्रूम ने 111 किग्रा के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से 100 अंक जुटाकर रजत पदक जीता।

कीनिया की हेलेन वाविरा कारियुकी ने 97 किग्रा के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से 98.5 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

पुरुष लाइटवेट फाइनल में परमजीत तीन में से अपने किसी भी प्रयास में 165 किग्रा वजन नहीं उठा पाए और प्रतियोगिता से बाहर हो गए। मलेशिया के बोनी बुनयाउ गस्टिन ने अपने तीसरे प्रयास में 220 किग्रा वजन उठाकर राष्ट्रमंडल खेलों के रिकॉर्ड 154.6 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। इंग्लैंड के मार्क स्वान ने 145.5 अंक के साथ रजत जबकि नाइजीरिया के इनोसेंट नामदी ने 132.5 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। स्वान और नामदी ने क्रमशः 202 किग्रा और 190 किग्रा का सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया।

पावरलिफ्टिंग में भार उठाने पर शरीर के वजन और तकनीक के अनुसार अंक मिलते हैं। समान वजन उठाने पर शारीरिक रूप से कम वजन वाले खिलाड़ी को दूसरे की तुलना में अधिक अंक मिलेंगे।



## मनिका-साथियान के बाद श्रीजा-कमल की जोड़ी शीर्ष-16 में

**बर्मिंघम ,,05 अगस्त 2022 ।** मनिका बत्रा-साथियान ज्ञानसेकरन और अचंत शरत कमल-श्रीजा अकुला की मिश्रित युगल जोड़ियों ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में गुरुवार को अपने-अपने शीर्ष-32 मैचों में विजय हासिल की।मनिका-साथियान ने पहले दौर के मैच में सेशेलेस के मिक क्री और लौरा सिनन को 3-0 से मात दी।

भारतीय जोड़ी ने सेशेलेस की टीम को 11-1, 11-3, 11-1 के सीधे गेमों में हराकर शीर्ष-16 में जगह बनायी।

दूसरी ओर, श्रीजा-कमल की भारतीय टीम ने नॉर्थर्न आइलैंड के ओवेन कैथकार्ट/सोफी अर्ली को 3-0 से मात दी। भारतीय जोड़ी ने अपने प्रतिद्वंदियों को तीन गेमों के मैच में 11-7, 11-8, 11-9 से हराया।

इससे पहले, सनिल शेट्टी और रीत टेनिसन की मिश्रित युगल जोड़ी को मलेशिया के वॉन्ग ची शेन और टी एइ शिन के हाथों करीबी मुकाबले में 3-2 से हार मिली थी।

मलेशियाई जोड़ी ने भारतीय जोड़ी को पांच गेमों के मैच में 6-11, 10-12, 13-11, 11-8, 8-11 से हराया था।

## फ्लोरिडा में खेला जाएगा चौथा टी20

**नई दिल्ली ,05 अगस्त 2022 ।** भारतीय टीम इन दिनों वेस्टइंडीज के दौरे पर है। यहां दोनों टीमों के बीच 5 टी20 मैचों की सीरीज खेली जा रही है। सीरीज में अब तक 3 मुकाबले खेले जा चुके हैं, जिसमें से भारत ने 2 और वेस्टइंडीज ने 1 में जीत हासिल की है। क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए सीरीज के आखिरी दो मुकाबले अमेरिका के फ्लोरिडा में खेले जाएंगे। 6 अगस्त को खेले जाने वाले चौथे टी20 के लिए दोनों ही टीमें फ्लोरिडा पहुंच चुकी हैं। भारतीय टीम की नजर इस मुकाबले को जीतकर सीरीज अपने नाम करने पर होगी, वहीं विंडीज टीम सीरीज में 2-2 की बराबरी करना चाहेगी। आइए जानते हैं कि फ्लोरिडा की पिच कैसी है और शनिवार का यहां पर मौसम कैसा रहेगा।

### भारत ने जीते 3 मैच

फ्लोरिडा के लॉडरहिल स्टेडियम पर भारत और वेस्टइंडीज के बीच आखिरी मैच 2019 में खेला गया था। इस पिच पर भारतीय टीम का रिकॉर्ड शानदार है। लॉडरहिल स्टेडियम में अब तक 11 मुकाबले खेले हैं, इसमें 4 मैच भारत ने भी खेले हैं। 2016 में भारत को वेस्टइंडीज के हाथों हार का सामना करना पड़ा था, जबकि दूसरा मैच रद्द हो गया था। वहीं 2019 में एक बार फिर भारत और वेस्टइंडीज आमने-सामने थे, जहां भारत ने दोनों मुकाबले जीत लिए थे। दूसरी ओर वेस्टइंडीज ने यहां 8 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें 3 जीते, 4 हारे और 1 मैच रद्द हुआ है।

### मौसम का हाल

टी20 सीरीज के आखिरी दो मुकाबले फ्लोरिडा में खेले जाएंगे। फ्लोरिडा में शनिवार (6 अगस्त) को मौसम 23 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है और 89 फीसदी आर्द्रता के साथ 50 फीसदी बारिश होने की संभावना है। रविवार (7 अगस्त) को फिर से तापमान 23 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है लेकिन बारिश की 70 फीसदी संभावना है। ऐसे में दोनों मुकाबले बारिश से प्रभावित हो सकते हैं।लॉडरहिल स्टेडियम की पिच ज्ञ20 इंटरनेशनल के मुफीद मानी जाती है। जिसमें टीमों को अक्सर 160 या 170 के आसपास स्कोर मिलता है।

## फिर मैदान पर लंबे-लंबे छक्के लगाते नजर आएंगे यूनिवर्स बॉस,ये टूर्नामेंट खेलने भारत आ रहे हैं

**नई दिल्ली ,05 अगस्त 2022 ।** यूनिवर्स बॉस के नाम से मशहूर क्रिस गेल की मैदान पर वापसी हो रही है। अपने लंबे-लंबे छक्कों के लिए जाने जाने वाले गेल जल्द ही भारत आने वाले हैं। लीजेंड्स लीग क्रिकेट का दूसरा सीजन भी भारत में होना है। कई दिग्गज पूर्व खिलाड़ियों के इसमें खेलने की पुष्टि हो चुकी है। अब इस लिस्ट में क्रिस गेल का नाम भी जुड़ गया है। क्रिस गेल के लीजेंड्स लीग क्रिकेट में खेलने का आधिकारिक ऐलान हो गया है।

### ये रिकॉर्ड गेल के नाम

टी-20 में सबसे ज्यादा शतक, सबसे तेज शतक, सबसे ज्यादा चौके छक्के और 10000 से अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है। लीजेंड्स लीग में खेलने की पुष्टि करते हुए गेल ने कहा है कि यह बहुत खुशी कि बात है कि मुझे लीजेंड्स लीग में खेलने का मौका मिल रहा है। इस लीग में दुनियाभर के महान खिलाड़ी खेलते हैं। मैं इस लीग में खेलने को लेकर काफी उत्साहित हूं। वहीं लीजेंड्स लीग क्रिकेट के ष्टश्वह्र रमन रहेजा ने कहा,क्रिस गेल के आने से लीग और बड़ी हो गयी है। मशहूर पूर्व क्रिकेटर्स के साथ इस बार ये




सीजन और शानदार होने वाला है।

### 17 सितंबर से शुरू होगी लीग

लीजेंड्स लीग 17 सितंबर से 8 अक्टूबर तक भारत में खेली जाएगा, इसमें 4 टीमें खेलेंगी। कुछ दिनों पहले ही दिग्गज भारतीय क्रिकेटर और वर्तमान में बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने भी इस लीग में खेलने की पुष्टि की थी। ऐसे में क्रिकेट प्रेमियों का मनोरंजन दोगुना हो जाएगा। पिछले साल यह लीग मस्कट में खेली गई थी। वहीं इस साल भारत के 6 शहरों में लीग का आयोजन होगा। इसमें दिल्ली, लखनऊ, जयपुर, कोलकाता, कटक और राजकोट को वेन्यू चुना गया है।

### सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड

टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट की बात करें तो क्रिस गेल ने 79 मैचों में 1899 रन बनाए हैं। उनका सर्वाधिक स्कोर 117 रन का है। गेल ने टी20 इंटरनेशनल में 14 अर्धशतक और 2 शतक जड़े हैं। आईपीएल में उन्होंने 142 मैचों में 4965 रन बनाए हैं। पिछले साल हुए आईपीएल ऑक्शन में क्रिस गेल ने अपना नाम नहीं दिया था। क्रिस गेल ने इंटरनेशनल क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाए हैं। उन्होंने 483 मैच की 551 पारियों में 553 छक्के लगाए हैं। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर पाकिस्तानी दिग्गज शाहिद अफरीदी हैं जिन्होंने 476 छक्के लगाए हैं। वहीं तीसरे पायदान पर 474 छक्कों के साथ भारतीय कप्तान रोहित शर्मा हैं।

## आर अश्विन ने काटी रवि शास्त्री की बात,बोले- मैं रवि भाई से इत्तेफाक नहीं रखता,मामला टेस्ट का है

**नई दिल्ली ,05 अगस्त 2022 ।** भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने रवि शास्त्री की इस बात से इत्तेफाक नहीं जताया है कि टेस्ट क्रिकेट को केवल 3-4 टॉप के देशों तक ही सीमित करके रखा जाए। टेस्ट क्रिकेट पर अपने विचार जाहिर करते हुए रविचंद्रन अश्विन अपने पूर्व हेड कोच के बयान का जवाब दे रहे थे।

स्पिनर ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, हाल ही में रवि भाई ने बोला है कि टेस्ट क्रिकेट एक ऐसा फॉर्मेट होना चाहिए जिसको केवल तीन से चार देश ही खेलें। लेकिन अगर तीन से चार देश ऐसा करते हैं तो आयरलैंड जैसी टीमें कभी भी खेलने का मौका हासिल नहीं कर पाएंगी।

### टेस्ट क्रिकेट और टी20 में एक रिश्ता है

रविचंद्रन अश्विन का कहना है कि टेस्ट क्रिकेट सबसे पुराना और सबसे लंबा फॉर्मेट है और इसको ऐसे ही बने रहना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि टेस्ट क्रिकेट और टी20 में एक रिश्ता है और जो देश मजबूत फर्स्ट क्लास स्ट्रक्चर रखते हैं वही जब टेस्ट मैच खेल लेते हैं तो टॉप के ज्ञ20 क्रिकेटर भी बनाना शुरू कर देते हैं।

### कैसे क्रिकेट एक आकार लेता है

अश्विन कहते हैं, ÷आप मुझसे पूछ सकते हैं कि टेस्ट क्रिकेट और ज्ञ20 में क्या रिश्ता है। जब आप पहले टेस्ट क्रिकेट खेल लेते हैं तब आपकी फर्स्ट क्लास स्ट्रक्चर और भी बेहतर हो जाएगी। जब आपकी फर्स्ट क्लास स्ट्रक्चर अच्छी होती है तो लोगों को ज्यादा मौके मिलते हैं। जो खिलाड़ी फर्स्ट क्लास क्रिकेट में अच्छा करते हैं वह टी20 की जरूरत के हिसाब से अपने खेल को बदल लेते हैं। इस तरीके से क्रिकेट आकार लेता है।÷

### क्यों जरूरी है टी 20 के लिए टेस्ट

टेस्ट क्रिकेट पर बात करते हुए भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले टेस्ट ऑफ स्पिनर ने कहा कि वह भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया का उदाहरण दे रहे हैं। वे आगे कहते हैं आप देख सकते हैं की टॉप के तीन देश कितनी मजबूती से टेस्ट मैच खेल रहे हैं। निश्चित तौर पर यह भारत, इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया है। इन देशों में फर्स्ट क्लास स्ट्रक्चर बहुत ही मजबूत है। यहां तक कि भारत में अभी भी यह बातें होती है कि हमारी फर्स्ट क्लास स्ट्रक्चर और भी मजबूत हो सकती है। नवदीप सैनी और वाशिंगटन सुंदर काउंटी क्रिकेट खेलने के लिए जाते हैं और अपने आप को और बेहतर करने की कोशिश करते हैं। कुछ ऐसे ही अवसर हमें विदेशी खिलाड़ियों को अपने यहां लाने के लिए भी करनी चाहिए ताकि वे रणजी ट्रॉफी खेल सकें। क्या ऐसा नहीं होना चाहिए? यह सवाल भी उठाए जा रहे हैं।

मौजूदा सक्रिय खिलाड़ियों में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले रविचंद्रन अश्विन वेस्टइंडीज के खिलाफ खेल रहे हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज को एक उदाहरण के तौर पर लेते हुए बताया कि अगर टीमें टेस्ट मैच नहीं खेलेंगी तो उनके साथ क्या होगा। वे कहते हैं, ÷आप अपनी फर्स्ट क्लास क्रिकेट को कैसे मजबूत करेंगे? उसके लिए आपको टेस्ट मैच अपने देश में प्रासंगिक बनाना होगा। अगर टेस्ट मैचों की आपके यहां कोई जगह नहीं है तो फिर आप पूरी दिलचस्पी के साथ नहीं खेल पाएंगे मैं इस वक्त वेस्टइंडीज में हूं और यहां पर देख सकते हैं कि फर्स्ट क्लास क्रिकेट लगभग चला गया है। यहां पर केवल बहुत सारे टी20 टूर्नामेंट हैं।

## ब्रह्मास्त्र में नागार्जुन के किरदार का हुआ खुलासा

ब्रह्मास्त्र इस साल की सबसे ज्यादा मच अवेटेड़ फिल्म होनी चाहिए क्योंकि अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी यह फिल्म 5 साल से अधिक समय से बन रही है. इस फिल्म का ट्रेलर हाल ही में ही रिलीज़ हुआ है, इसने सभी को इम्प्रेस भी किया है और कई लोगों ने वीएफएक्स की तुलना हॉलीवुड के दिग्गजों से भी की है. इस बीच, कई एक्टर्स के बारे में बातें गुप्त रखा गई है, लेकिन नई रिपोर्टों के अनुसार, साउथ के सुपरस्टार नागार्जुन के किरदार का खुलासा किया गया है.



साउथ के एक्टर नागार्जुन के अलावा, फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, अमिताभ बच्चन और मौनी रॉय भी मुख्य किरदार में होंगे. जबकि अनुमान लगाए जा रहे हैं कि शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण फिल्म में एक विशेष भूमिका निभाएंगे. हालांकि मुख्य सितारों के बारे में कुछ बातें पता हैं, और अब बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड ने नागार्जुन के किरदार के बारे में कुछ जानकारी दी है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, साउथ के सुपरस्टार अनीश नाम के एक कलाकार की भूमिका निभाएंगे, जो फिल्म में नंदी अस्त्र के मालिक हैं. दिलचस्प बात यह है कि एक्टर को इस फिल्म में रणबीर कपूर के पिता के रूप में देखा जाएगा. अभी तक माना जा रहा था कि नागार्जुन पूरी फिल्म में होंगे लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेता केवल एक कैमियो कर रहे हैं. दूसरी ओर, शिव की भूमिका निभाने वाले रणबीर कपूर अपने पिता की मौत का बदला लेने के मिशन पर होंगे. पहले की रिपोर्टों के अनुसार, शाहरुख खान दो लंबे लेकिन बहुत महत्वपूर्ण सीन्स में दिखाई देंगे.

## बॉलीवुड का आभार जिसने मुझे खुले रूप से स्वीकार किया:सनी लियोनी



सनी लियोनी ने हिंदी सिनेमा में 10 साल की लंबी यात्रा के लिए बॉलीवुड का आभार जताया है और कहा है कि बॉलीवुड ने उन्हें खुली बाहों से स्वीकार किया और सिनेमा में करियर विश्वास दिलाता है कि कड़ी मेहनत हमेशा परिणाम देती है। अभिनेत्री ने बिग बॉस सीजन 5 के बाद जिस्म 2 के साथ अपना करियर शुरू किया। इसके बाद उन्होंने रईस में शाहरुख खान के साथ लोकप्रिय नंबर लैला में अभिनय किया। उन्हें कई अन्य फिल्मों के बीच वेब-सीरीज अनामिका में भी देखा गया।अपनी यात्रा के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने कहा: जब मेरे पति डेनियल वेबर और मैंने पहली बार काम करना शुरू किया, तो हमने पहली कंपनी शुरू करने के लिए बैंकों से पैसे उधार लिए और इसे एक सफल उद्यम में बदल दिया।

जब बॉलीवुड में आए तो यह मेरे करियर का अगला पड़ाव था। तब से यह एक अद्भुत यात्रा रही है। मैं विनम्र हूं। मेरे प्रशंसकों ने मुझ पर जो अद्भुत प्यार और समर्थन बरसाया है, उसने मुझे नई ऊंचाइयों को छूने में मदद की है। मैं उनके समर्थन के बिना ऐसा नहीं कर पाती। सिनेमा में मेरी यात्रा इस बात का विश्वास दिलाती है कि कड़ी मेहनत हमेशा परिणाम देती है। मुझे अपने जीवन से प्यार है और मुझे अपने काम से प्यार है।मेरे पास एक अद्भुत परिवार है, डैनियल एक अच्छा साथी है, तीन खूबसूरत बच्चे हैं, एक प्यारा घर है और एक करियर है जिसे मैंने एक साथ रखने के लिए कड़ी मेहनत की है। मैं हर दिन काम करती हूं, कभी-कभी बिना किसी ऑफ के और मैं अपने काम से कभी संतुष्ट नहीं होती हूं। मैं आभारी हूं कि बॉलीवुड ने मुझे खुले हाथों से स्वीकार किया

## पुष्पा में बीड़ी से लेकर गैंगस्टर सिगार तक, एड शूट में अल्लू अर्जुन का लुक हुआ वायरल



जैसा कि पहले बताया गया था, पुष्पा स्टार अल्लू अर्जुन और गब्बर सिंह के निर्देशक हरीश शंकर ने एक विज्ञापन में साथ काम किया है। वर्तमान में, विज्ञापन शूट से अल्लू अर्जुन की एक नई तस्वीर शहर में चर्चा का विषय बन गई है, क्योंकि वह गैंगस्टर लुक में काफी अलग लग रहें है।

अल्लू अर्जुन ने दाढ़ी और हेयर स्टाइल के साथ एक ठाठ डॉन उपस्थिति में देखा, जिसमें उनके आधे बाल भूरे रंग के थे। उन्होंने इसे और भी फैशनेबल और डराने वाला बनाने के लिए अपने पहनावे में चश्मा और एक सिगार जोड़ा।

अल्लू अर्जुन की चमड़े की जैकेट और समग्र गतिशील उपस्थिति पूरी तरह से नई है, जिससे उनके प्रशंसक उनकी प्रशंसा कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट में डीओपी सुदीप चटर्जी भी शामिल हुए हैं। इसके अतिरिक्त, शूट से एक बीटीएस वीडियो पहले ऑनलाइन पोस्ट किया गया था, जिसमें अल्लू अर्जुन को उनकी वैनिटी वैन में पोशाक बदलते हुए दिखाया गया था।

अभी कुछ दिन पहले निर्देशक हरीश शंकर ने इंस्टाग्राम पर आइकॉन स्टार के साथ अपने सहयोग का खुलासा किया था। दोनों ने इससे पहले फिल्म दुव्वादा जगन्नाधम में साथ काम किया था।अल्लू अर्जुन अगली बार सुकुमार की पुष्पा : द रूल में दिखाई देंगे, जिसमें वह एक तस्करी सिंडिकेट किंगपिन का चित्रण करेंगे।




## विजय सेतुपति अभिनीत मामनिथन ने टोक्यो फिल्म अवार्डस में जीता स्वर्ण पदक

मामनिथन ने इस साल टोक्यो फिल्म अवार्डस में स्वर्ण पदक जीता है। इस फिल्म में अभिनेता विजय सेतुपति और गायत्री मुख्य भूमिका में हैं। घोषणा करने के लिए ट्विटर पर लेते हुए निर्देशक सीनू रामासामी ने कहा, यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि हमारी मामनिथन फीचर फिल्म ने (टोक्यो फिल्म अवार्डस 2022 में) जीता, इसके लिए निर्माता युवान शंकर राजा को धन्यवाद।



सर्वश्रेष्ठ एशियाई फिल्म श्रेणी में मामनिथन ने स्वर्ण जीता, जबकि ताकाहिरो कावाबे के लव सॉन्ग शाम 5 बजे रजत और मार्ट बीरा के घुमंतू डॉक्टर ने कांस्य पदक जीता। मामनिथन की कहानी एक साधारण आदमी की है जो अपने बच्चों को एक निजी स्कूल में दाखिला दिलाकर अच्छी शिक्षा देना चाहता है। रिलीज के तुरंत बाद विभिन्न वर्गों से भारी प्रशंसा प्राप्त करने वाली इस फिल्म के जाने-माने निर्देशक शंकर ने इसे यथार्थवादी क्लासिक कहा है। शंकर ने तो यहां तक कह दिया था कि फिल्म में विजय सेतुपति के शानदार अभिनय को राष्ट्रीय पुरस्कार मिलना चाहिए था।









## संक्षिप्त समाचार

### रायपुर समेत कई जिलों में सराफा से लेकर कपड़ा कारोबारी के ठिकानों पर ईडी की रेड

रायपुर, 05 अगस्त 2022। राजधानी में आयकर विभाग के बाद ईडी के ताबड़तोड़ छापेमारी कार्यवाही जारी। बताया जा रहा है कि रायपुर समेत कई अन्य जिलो में ईडी की रेड



कार्रवाई में कई बडे खुलासे हुए हैं। इसी कड़ी में खबर मिल रही है कि रायपुर के कपड़े और ज्वेलरी में नामी ग्रुप के ठिकानों पर दबिश हुई।

गौरतलब है कि रायपुर पंडरी स्थित कपड़ा कारोबारी के ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। इसके अलावा सदर बाजार में भी ईडी की टीम के पहुंचने की सूचना है।

वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक राजधानी रायपुर के अलावा राजनांदगांव और दुर्ग स्थित सराफा कारोबारियों के ठिकानों में छापेमारी की जा रही है।

### ऐसा पहली बार हुआ, ग्रामीणों की फरियाद पर रात 11 बजे खुला हाई कोर्ट, घर से बेदखल करने पर लगाई रोक

बिलासपुर, 05 अगस्त 2022। ग्रामीणों की याचिका पर गुरुवार रात 11 बजे हाई कोर्ट खुला. कोर्ट ने फरियादी ग्रामीणों को अंतरिम राहत देते हुए उनको घर से बेदखल करने पर रोक लगा दी है. अतिक्रमण के मामले में ग्रामीणों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई पर 10 अगस्त तक रोक लगा दी गई है. मामला महासमुन्द



जिले के बागबहरा का है. वहां पर छोटे- बड़े झाड़ के जंगल में वर्षों से रह रहे ग्रामीणों को तहसीलदार ने बेदखली का नोटिस जारी किया था. घबराए ग्रामीणों ने बीती रात 8 बजे हाई कोर्ट में अर्जी लगाई. याचिकाकर्ता के वकील ने रजिस्ट्री के माध्यम से अर्जेंट सुनवाई का हवाला देते अनुरोध किया था. मामले की गंभीरता के मद्देनजर जस्टिस पी सेम कोशी ने रात 11 बजे सुनवाई की, और कार्रवाई पर रोक लगाते हुए फरियादी ग्रामीणों को बड़ी राहत दी है.

### रास्ता रोककर मारपीट,जुर्म दर्ज

महासमुंद, 05 अगस्त 2022। बाइक से जा रहे दो लोगों के साथ अज्ञात लोगों ने रास्ता रोककर मारपीट की। मामला बसना थाना क्षेत्र का है। बसना वार्ड 5 निवासी खूबचंद लहरे ने पुलिस को बताया कि मंगलवार शाम 7 बजे वह ग्राम गढ़पटनी से वापस आ रहा था। गढ़पटनी मोड़ के पास 3-4 अज्ञात लोगों ने उसे रूकने बोला। उसने रुकने से मना किया तो उन लोगो ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए बाइक के पीछे बैठे कोटवार बासु और उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 341, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

### बाइक सवार दो युवक मोबाइल छीनकर भागे

रायपुर, 05 अगस्त 2022। रोहिणीपुरम फेस-2 में बाइक सवार अज्ञात दो युवकों ने एक युवती से मोबाइल छीनकर भाग निकले। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया मिताली साहू 21 वर्ष फेस-2 रोहिणीपुरम की रहने वाली है। बताया जाता है कि कल रात प्रार्थिया अपने घर के बाहर हाथ में फोन लेकर खड़ी थी, तभी बाइक सवार अज्ञात दो व्यक्ति पीछे से आए और प्रार्थिया के हाथ से मोबाइल छीनकर भाग निकले। छीने गए मोबाइल की कीमत करीब 5 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### 15 लीटर अवैध शराब जप्त

कोरबा 5 अगस्त 2022। पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह द्वारा चलाए जा रहे निजात अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शन, नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा योगेश साहू के पर्यवेक्षण में लगातार कार्यवाही किया जा रहा है । 04 अगस्त 2022 को थाना उरगा पुलिस द्वारा ग्राम साजापानी में आरोपी शरन सिंह कँवर पिता गुरुवार सिंह कँवर उम्र 46 वर्ष ग्राम सजापानी,थाना उरगा, कोरबा के कब्जे से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 1500 रुपए जप्त कर धारा 34-2, आबकारी अधिनियम के अंतर्गत आरोपी शरन सिंह कँवर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# सीएम भूपेश की अपील पर दो दिनों में 20 हजार से ज्यादा लोगों ने #HamarTiranga के साथ अपडेट की अपनी प्रोफाइल फोटो

### आप भी लगा सकते हैं अपनी पिक

रायपुर, 05 अगस्त 2022। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अपील के बाद दो दिनों के भीतर 20 हजार से ज्यादा लोग अपनी-अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल पर #HamarTiranga का उपयोग करते हुए विशेष फ्रेम में तिरंगे के साथ अपनी फोटो अपडेट कर चुके हैं. यह संख्या लगातार बढ़ रही है.

निर्धारित फोटो फ्रेम का उपयोग करने के लिए मुख्यमंत्री ने लोगों से twb.nz/hamar-tiranga लिंक का उपयोग करने की अपील की है. मुख्यमंत्री बघेल ने लोगों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर भी हमर तिरंगा अभियान के लिए एकजुटता दिखाते हुए सोशल मीडिया में विशेष प्रेम में तिरंगे साथ अपनी फोटो अपडेट करें. उन्होंने कहा है कि सुझाए गए लिंक के बारे में अधिक से अधिक लोगों तक जानकारी पहुंचाने की जरूरत है.




**आजाद देश का नागरिक होने पर हमें गर्व- सीएम**

उन्होंने कहा है कि 15 अगस्त, 2022 को हमारा भारत आजादी के 75 साल पूर्ण कर रहा है. यह आजादी हमें ऐसे ही नहीं मिली. इसके पीछे उन वीर शहीदों का बलिदान शामिल हैं, जिन्होंने हंसते हुए जान की बाजी लगा दी, ताकि आने वाली पीढ़ी एक आजाद देश की आबोहवा में सांस ले सकें. आज हम उसी पीढ़ी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और एक आजाद देश का नागरिक होने का गर्व महसूस कर पा रहे हैं.

### हर घर तिरंगा फहराने का लक्ष्य

सीएम भूपेश बघेल ने भी अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल अपडेट करते हुए तिरंगा प्रोफाइल लगाई है. इस अभियान के साथ प्रदेश के घर घर में तिरंगा फहराने का लक्ष्य रखा गया है. सीएम ने लोगों से हमर तिरंगा अभियान में शामिल होने की अपील की है. हमर तिरंगा अभियान के तहत 11 से 17 अगस्त के बीच घर- घर में तिरंगा फहराया जाएगा. इसमें सरकारी और निजी प्रतिष्ठान भी शामिल होंगे. इस अभियान को लेकर प्रशासन जोर- शोर से तैयारी कर रहा है।

### क्षेत्र में बढ़ रहा फेल्सीफेरम मलेरिया का प्रकोप : डॉ स्मित

महासमुंद, 05 अगस्त 2022। जैन नर्सिंग होम के संचालक एवं मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ स्मित चोपड़ा ने बताया कि क्षेत्र में फेल्सीफेरम मलेरिया का प्रकोप दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। पिछले अनेक वर्षो से सुप्तावस्था में रहने वाला उक्त रोग द्वारा इस वर्ष पुनः अपना प्रकोप दिखाने की संभावना है। केशवा, रामसागर, रूमेकेल, सिंघुरूपाली आदि क्षेत्रों से मरीज अपना इलाज कराने अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं। क्षेत्र में बड़े मलेरिया के नाम से जाना जाने वाला फेल्सीफेरम मलेरिया जानलेवा श्रेणी में आता है।

# रायपुर,रायगढ़,राजनांदगांव व दुर्ग के बड़े ज्वेलरी व कपड़ा कारोबारियों पर ईडी का छापा

» **मची खलबली,दुर्ग के एक सीए के घर भी पहुंची टीम**

रायपुर/दुर्ग, 05 अगस्त 2022। छत्तीसगढ़ में शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय ने राजधानी रायपुर ,राजनांदगांव व दुर्ग के ज्वेलर्स व बड़े कपड़ा व्यापारियों के यहां दबिश दी है। शुक्रवार सुबह से शुरू हुई इस कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप है। ईडी की अलग अलग टीमें इन व्यापारियों के घर पर पहुंची हैं। बताया जा रहा है कि रायपुर के अलावा दुर्ग में भी कुछ ज्वेलर्स व एक सीए के घर पर ईडी की रेड पड़ी है। सुबह से ही इनके घरों में दस्तावेजों की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि ईडी के साथ डायरेक्टर ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस




(राजस्व आसूचना निदेशालय) की टीम भी पहुंची हुई है।

अब तक जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार प्रवर्तन निदेशालय की टीमें शुक्रवार सुबह छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर व दुर्ग पहुंची। बताया जा रहा है कि इस टीम में रायपुर और नागपुर के अफसर शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार ईडी की टीमें अब तक रायपुर में सुमित ज्वेलर्स, पगारिया ज्वेलर्स, कपड़ा कारोबारी शांतिलाल बरडिया के यहां पहुंची है। दुर्ग में भी ईडी की टीम सहेली ज्वेलर्स, नवकार ज्वेलर्स व सीए कोठारी कोठारी ब्रदर्स के निवास पर पहुंची है।

इसके अलावा राजनांदगांव में भी ईडी के रेड की खबर है। फिलहाल इन सभी स्थलों पर ईडी जांच कर रही है। फिलहाल रेड को लेकर अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। ईडी के टीम के कुछ अन्य जिलों में जाने की सूचना है लेकिन इसकी पुख्ता जानकारी नहीं मिल पाई है। रायपुर व दुर्ग में ईडी की रेड से यहां के व्यापारियों में खलबली मची हुई है।

ईडी व डीआरआई की टीमों की दबिश के पीछे दो दिन पहले हुई आईटी रेड की कार्रवाई को कारण माना जा रहा है।

# भाजपा रैली में तिरंगे के अपमान पर बिफरे कांग्रेस नेता

» **भाजपा अध्यक्ष के खिलाफ दर्ज कराई थाने में शिकायत**

धमतरी, 05 अगस्त 2022। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर 2 अगस्त को भाजपाइयों ने शहर में तिरंगा यात्रा निकाली थी. रैली में तिरंगे के अपमान पर कांग्रेसियों ने भाजपा जिलाध्यक्ष के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई.

कांग्रेसियों का आरोप है कि शहर में निकाली गई रैली में भाजपा के जिलाध्यक्ष तिरंगे को उल्टा लेकर



चल रहे थे. कायदे से झंडे में केशरिया रंग ऊपर होना चाहिए, वो नीचे था और हरा सबसे ऊपर. कांग्रेसियों ने मामले में 4 अगस्त को रात 9 बजे सिटी कोतवाली पहुंचकर भाजपा जिलाध्यक्ष के खिलाफ तिरंगे के अपमान को लेकर शिकायत दर्ज कराई. उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने का घेराव किया.

इस अवसर पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन लालवानी, महापौर विजय देवांगन, शहर अध्यक्ष ईश्वर सोनकर, आकाश गोलछा, राजेश पांडेय, कमलेश सोनकर, राजेश ठाकुर, दीपक सोनकर, विजय गोलछा, तनवीर कुरैशी, मो. सद्दाम, रितेश पवार, फैजान रजा, अनीश रजा, विजय दास, देवेन्द्र देवांगन, आशुतोष खरे, सूरज पासवान सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

**भाजपा जिलाध्यक्ष ने दी सफाई**

धमतरी भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष ठाकुर शशि पवार ने पूरे घटनाक्रम पर सफाई देते हुए कहा कि तिरंगा यात्रा के दौरान कुछ देर के लिए अनजाने में मैंने तिरंगा उल्टा पकड़ कर झंडे के सम्मान में गलती की, जिसके लिये मैं अपनी गलती स्वीकार करते हुए नगरवासियों और देशवासियों से उदार मन से क्षमा मांगता हूँ. कांग्रेस नेताओं की शिकायत पर 4 अगस्त को रात्रि 11.45 बजे मेरे विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में FIR दर्ज की जा चुकी है. पुलिस की किसी भी विधि सम्मत कार्यवाही में मैने कोई व्यवधान नहीं किया है, और न ही आगे किया जाएगा. अतः कांग्रेसी मित्रों से निवेदन करता हूँ कि नगरवासियों, व्यापारियों की परेशानी को देखते हुए जनहित मे धमतरी बंद तथा चक्का जाम का निर्णय वापस लेकर, उन्हे होने वाली परेशानी से मुक्त करें।

# महंगाई पर केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल,राजभवन के सामने गैस सिलेंडर लेकर किया प्रदर्शन

रायपुर, 05 अगस्त 2022। महंगाई और बेराजगारी के खिलाफ कांग्रेस ने अपने देशव्यापी विरोध-प्रदर्शन की कड़ी में रायपुर के अंबेडकर चौक में धरना-प्रदर्शन किया. इसके बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम सहित कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राजभवन तक पैदल मार्च किया.



अंबेडकर चौक में आयोजित धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि देश भर में महंगाई से आम लोगों का हाल बेहाल है. महंगाई को रोक पाने में केंद्र सरकार नाकाम रही. जनता महंगाई के विरोध में सड़क पर है. महंगाई को कम करने के लिए पेट्रोल-डीजल के दाम तत्काल घटाए. महंगाई बढ़ रही है तो गरीब वर्ग सर्वाधिक प्रभावित है. जनता के जेब से पैसे निकलकर मोदी सरकार के पास जा रहा है.

उन्होंने कहा कि देश में बेरोजगारी बढ़ी, अग्निवीर के नाम युवाओं को छला जा रहा है. देश में भूतपूर्व सैनिक विवाह करेंगे, क्योंकि 4 साल बाद अग्निवीर रिटायर्ड हो जाएंगे. देश में सरकारी संपत्तियों को बेचा जा रहा है.एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन बेचे जा रहे हैं. छत्तीसगढ़ में हम किसानों, आदिवासियों को मजबूत कर रहे हैं. छत्तीसगढ़ में किसानों, आदिवासियों, भूमिहीनों को हम पैसा दे रहे हैं. उन्होंने कहा कि कांग्रेस आम जनता के हक लिए लड़ रही है. मोदी सरकार सोनिया गांधी, राहुल गांधी से लड़ रही है. देश की जनता को तय करना है राहुल गांधी के साथ चलना है या मोदी शाह के साथ.

इसके पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने संबोधित करते हुए कहा कि महंगाई को कम करने के लिए खाने-पीने के समान से जीएसटी कम करे. पेट्रोल-डीजल के दाम घटाए. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लड़ेगी, डरेगी नहीं. मोदी सरकार तानाशाह है. हम डरने वाले नहीं, लड़ने वाले हैं. इसके साथ ही उन्होंने सवाल किया 52 साल तक आरएसएस मुख्यालय में झंडा क्यों नहीं फहराया गया था।

### 13 शराबियों के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

रायपुर, 05 अगस्त 2022। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाते हुए 13 शराबियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोलबाजार पुलिस ने शास्त्री बाजार के पास शराब पीते आरोपी अभिषेक गुप्ता 30 वर्ष, संतोष मिश्रा 26 वर्ष व ओंकार शर्मा 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं पुरानी बस्ती पुलिस ने केसरी बगीचा के पास शराब पीते आरोपी राहुल मेहरा 27 वर्ष, हाबु पाल 24 वर्ष, राजेश निषाद 32 वर्ष व मिलाप निषाद 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने ग्राम केसला में आरोपी नरेन्द्र पाल 25 वर्ष व दीपचंद देवांगन 41 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### 6 माह में सड़क हादसे में 3053 की गई जान

# हादसे रोकने मुख्य सचिव ने ली उच्च स्तरीय बैठक,अब यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों की खैर नहीं




रायपुर, 05 अगस्त 2022। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आज मंत्रालय महानदी भवन में सड़क सुरक्षा के संबंध में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित हुई. इस साल 6 महीने में सड़क हादसे में 3053 लोगों की मौत हुई है. मुख्य सचिव ने बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम सहित यातायात को बेहतर बनाने पर समन्वित प्रयास करने की बात कही. लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने और इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए.

मुख्य सचिव जैन ने विभिन्न सड़कों पर ज्यादा दुर्घटना वाले ब्लैक स्पाटों पर जन सहयोग से सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिए. उन्होंने सड़कों पर पशुओं के विचरण को रोकने समुचित प्रयास करने कहा. इसमें स्थानीय लोगों का सहयोग लिया जाएगा. बैठक में सड़क सुरक्षा के तहत दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण सहित अन्य विभागों द्वारा समुचित प्रयास किए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए.

मुख्य सचिव ने सड़क दुर्घटना पर नियंत्रण के लिए ओव्हर लोडिंग, अत्याधिक गति तथा नशे की हालात और बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस तथा परिवहन विभाग को दिए. वाहनों की सघन जांच और तेज गति को नियंत्रित करने के लिए स्पीड गवर्नर लगाने की दिशा में कार्रवाई करने निर्देशित किया. मुख्य सचिव ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत वर्चुअल कोर्ट के प्रकरण के निराकरण की भी समीक्षा की.


मुख्य सचिव जैन ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और सुरक्षित यातायात के लिए वाहन चालकों के प्रशिक्षण पर भी विशेष जोर दिया. उन्होंने ब्लैक स्पॉट के चिन्हांकन के बाद उनमें तत्परता से सुधार की कार्रवाई के लिए भी निर्देश दिए. बैठक में दुर्घटना के शिकार लोगों के त्वरित उपचार की व्यवस्था, राज्य में ट्रामा सेंटर की स्थिति, पाठ्यपुस्तकों में यातायात शिक्षा सामग्री का समावेश और यातायात के नियमों के उल्लंघन पर चालानी कार्रवाई तथा यातायात नियमों के पालन आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की. इसके अलावा राज्य के सड़कों की चैड़ाई बढ़ाने तथा ग्रामीण सड़कों के मुख्य मार्ग में शामिल होने वाले जक्शन से अतिक्रमण हटाने सहित मार्गों में संकेतक और चेतावनी संबंधी बोर्ड को लगाने के निर्देश दिए।

# गंभीर बीमारियों के चौतरफा मार से जूझ रहा है छत्तीसगढ़

रायपुर, 05 अगस्त 2022। छत्तीसगढ़ में कोरोना की रफ्तार तेज हो गई है। रोज मिल रहे कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या से लोगों में भय का माहौल निर्मित हो गया है। कोरोना की संक्रमण दर 4त्न से अधिक बनी हुई है। बुधवार को कोरोना की वजह से जांजगीर-चांपा के एक मरीज की जान भी गई है। प्रदेश में अब तक 14 हजार 71 लोगों की जान कोरोना महामारी की वजह से जा चुकी है। वहीं 11 लाख 67 हजार 517 लोग अब तक इस महामारी की चपेट में आ चुके हैं। छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच बेहद खतरनाक वायरस मंकीपॉक्स और स्वाइनफ्लू ने भी दत्तक देकर लोगों की चिंता बढ़ा दी है। एच 1 एन 1 इंफ्लुएंजा वायरस के इस संक्रमण से 14 लोग प्रभावित हुए हैं। उनमें से केवल तीन को इलाज के बाद छुट्?टी मिली है। 11 लोगों का इलाज अभी भी जारी है।

**स्वाइन फ्लू के 14 केस मिल गए**

इस बीच एक नई बीमारी स्वाइन फ्लू ने दस्तक दे दी है। चिंता इसलिए बढ़ी है कि स्वास्थ्य विभाग को इस बीमारी का पता बहुत देर में लगा है। बताया जा रहा है कि कई लोगों में यह बीमारी करीब 20 दिन पहले ही सामने आ गई थी। इसको मंगलवार को कंफर्म किया गया। उसके बाद इलाज के प्रोटोकॉल जारी हुए। ऐसे में मरीजों के संपर्क में आए लोगों की पहचान नहीं हो पाई है। संक्रमण कहां से आया यह भी पता नहीं है। आशंका है कि इन 15-20 दिनों में संक्रमण व्यापक रूप से फैला होगा।




**छत्तीसगढ़ में बढ़ रहे हैं डेंगू मरीजों की संख्या**

छत्तीसगढ़ में मानसून आने के बाद से मौसमी बीमारियों का प्रकोप भी जारी है। इस बीच डेंगू और मलेरिया बेकाबू हो चुके हैं। डेंगू जिस हिसाब से बढ़ा है वह अधिक खतरनाक महसूस हो रहा है।स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी 2022 से तीन अगस्त 2022 तक डेंगू के 859 मरीज मिल चुके हैं। इसमें से 704 मरीज केवल बस्तर जिले में ही सामने आ चुके। यह आंकड़ा इसलिए खतरनाक है कि यह पिछले तीन साल में सबसे अधिक मरीजों का आंकड़ा है। 2020 में पूरे साल भर के दौरान डेंगू के केवल 57 केस मिले थे। 2021 में जनवरी से सितम्बर के बीच 740 मरीज मिले थे। उस साल कुल एक हजार 86 मरीजों की पहचान हुई थी। जबकि इस साल जनवरी से अगस्त के तीन तारीख तक ही 859 मरीज मिल चुके हैं। वहीं तीन लोगों की मौत भी हुई है।

स्वास्थ्य विभाग इन्हें संदिग्ध मान रहा है क्योंकि उन्हें डेंगू के साथ अन्य बीमारियां भी थीं। कहा जा रहा है डेथ ऑडिट के बाद ही इसे पूरी तरह कंफर्म किया जा सकता है। बस्तर संभाग के जिलों में इसका खतरा अभी भी बेहद बढ़ा हुआ है। जून के बाद से संक्रमण फिर से बढ़ना शुरू हुआ है। मानसून के साथ इसका दायरा भी बढ़ा। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों का कहना है कि बरसात के मौसम में सामान्य तौर पर सर्दी-जुकाम होता रहता है।

**बस्तर संभाग में खतरनाक रूप किया मलेरिया**

बरसात के दिनों में अक्सर फैलने वाला मलेरिया भी खतरनाक रूप से बढ़ा है। इससे सबसे अधिक प्रभावित बस्तर संभाग के ही जिले हैं। बस्तर में कई लोगों की इस बीमारी की वजह से जान तक जा चुकी है। स्वास्थ्य विभाग पिछले कुछ सालों से मलेरिया उन्मूलन का बड़ा अभियान छेड़े हुए है। इसके तहत गांव-गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंचकर लोगों के रक्त का नमूना ले रही है। मलेरिया की पुष्ट होने पर उन्हें घर पर दवाई आदि दी जा रही है। मच्छरों की रोकथाम के उपाय भी किए जा रहे हैं। सरकार ने दावा किया था, मलेरिया की दर कम हुई है।

# केंद्र सरकार के खिलाफ बीमा कर्मियों का फूटा गुस्सा,फैमिली पेंशन में बढ़ोत्तरी ना होने पर जताई नाराजगी,कहा-बीमा उद्योग को सरकार बेचने की रच रही साजिश

रायपुर, 05 अगस्त 2022। उपरोक्त विषयांतर्गत AIIPA के आह्वान पर 30त्न फैमिली पेंशन में वृद्धि की मांग को लेकर भारतीय जीवन बीमा निगम मंडल कार्यालय पंडरी रायपुर में द्वारसभा का आयोजन किया गया. सभा में विशेष रूप से CZIEA के महासचिव साथी धर्मराज महापात्र, सहसचिव साथी व्ही.एस.बघेल, RDIEU के अध्यक्ष साथी एलेक्जेंडर तिर्की, महासचिव साथी सुरेन्द्र शर्मा बीमा कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के पेंशनर्स साथी तथा RDIEU के साथी उपस्थित थे.

सभा को बीमा कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन रायपुर के महासचिव साथी अतुल देशमुख ने संबोधित करते हुए प्रारंभ में इसके औचित्य को बताया और कहा कि 2.5 साल पहले LIC ने फैमिली पेंशन में 30त्न बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव मंजूरी के लिए केन्द्र सरकार के पास भेजा है. लेकिन आज तक सरकार के द्वारा उसे स्वीकृति प्रदान करने और उसकी अधिसूचना जारी करने संबंधी कोई भी मंजूरी नहीं दी है. जबकि रिजर्व बैंक आफ इंडिया और पब्लिक सेक्टर बैंकों में यह बहुत पहले ही





लागू किया गया है. साथ ही साथ 1 अप्रैल 2010 के बाद नियुक्त हुए कर्मचारियों के लिए श्री पेंशन योजना में अंशदान 14त्न करने का प्रस्ताव भी सरकार के पास स्वीकृति के लिए लंबित है.

सभा को संबोधित करते हुए छैंद्बश्न के महासचिव साथी धर्मराज महापात्र ने कहा कि, केंद्र सरकार आज प्रत्येक सार्वजनिक क्षेत्रों को बेच रही है. हमें अपने राष्ट्रीयकृत बीमा उद्योग को सरकार द्वारा बेचने की साजिश को अपने संघर्ष के जरिए पूरी एकजुटता के साथ नाकाम करना है. उन्होंने रायपुर में संपन्न AIIEA की कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए निर्णयों की भी जानकारी दी. सभा को RDIEU के महासचिव साथी सुरेन्द्र शर्मा, साथी सुभाष सिंह और मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष साथी अजीत शर्मा ने भी संबोधित किया.

सभा की अध्यक्षता बीमा कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन रायपुर छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष श्रीकांत पेंढारकर ने की. सभा समाप्ति के बाद पेंशनर्स एसोसिएशन रायपुर के समस्त पदाधिकारियों ने LIC के चेयरपर्सन के नाम रायपुर के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक को उपरोक्त मुद्दों पर ज्ञापन सौंपा. इस अवसर भारी नारेबाजी के साथ साथियों ने मांग को लेकर हो रहे अत्याधिक विलंब के लिए आक्रोशित थे।


प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)